मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, बुधवार, 22 जनवरी 2025
संवत 2081, माघ कृष्ण 9- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 137 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ डॉक्टर-कंपनियों का कपट जाल : दवा की कीमत में उछाल
श्रद्धा कपूर ने पिता के साथ जुहू में खरीदा करोड़ों का लग्जरी अपार्टमेंट ◂◂ 6

# बोकारो में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# महिला नक्सली समेत 2 ढेर, 2 पुलिसकर्मी भी जख्मी

मेट्रो रेज

**बोकारो :** बोकारो जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के बेरमो अनुमंडल में पुलिस और उफ्ढत्र्र के जवानों के साथ बुधवार सुबह नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। 22 जनवरी 2025 को हुए इस मुठभेड़ में 2 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना मिली है। इसके साथ ही खबर है कि 2 पुलिसकर्मी भी मुठभेड़ में घायल हुए हैं। घटना बेरमो अनुमंडल के ऊपरघाट की हुई है।

**हार्डकोर नक्सली की पत्नी है मुठभेड़ में ढेर महिला नक्सली :** मिली जानकारी के अनुसार, बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट के बंशी एवं जरवा के जंगल में पुलिस और उफ्ढत्र्र के जवानों की प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के




नक्सलियों के साथ बुधवार सुबह मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक महिला और एक पुरुष नक्सली के मारे जाने की खबर मिली है। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली मंगलवार को चंद्रपुरा से पकड़े गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रणविजय महतो की पत्नी है।गुप्त सूचना पर चलाया गया सर्च ऑपरेशन

मुठभेड़ के संबंध में बताया गया कि बोकारो रढ को गुप्त सूचना मिली थी कि रणविजय महतो की गिरफ्तारी के बाद 6 नक्सलियों का सशस्त्र दस्ता ऊपरघाट के जरवा एवं बंशी के जंगल में मौजूद है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस और उफ्ढत्र्र जवानों के साथ बोकारो रढ ने इस एरिया की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया।

**नक्सलियों ने की सुरक्षाबलों पर फायरिंग :** वहीं, सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को देखकर उन्हें निशाना बनाया और फायरिंग शुरू कर दी। यह देख सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला। फिर देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर गोलीबारी होने लगी। इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली सहित 2 नक्सली मारे गए। जबकि 2 पुलिसकर्मियों के जख्मी होने की खबर मिली। हालांकि, पुलिस ने नक्सलियों को जंगल में चारों ओर से घेर रखा है।

## लातेहार में पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, एक उग्रवादी को लगी गोली

**लातेहार:** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरखाड़ गांव के पास पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी को गोली भी लगी है। घटनास्थल से पुलिस ने एक हथियार भी बरामद किया है। एसपी कुमार गौरव ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार और लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र में जेजेएमपी के उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए जमे हुए हैं। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। यहां पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब आधे घंटे तक चली मुठभेड़ में एक उग्रवादी को गोली लगी है। वहीं, घटनास्थल से पुलिस ने एक हथियार भी बरामद किया है। जबकि अन्य उग्रवादी जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रिजल्ट पर रोक जारी

## हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट अगली सुनवाई 26 मार्च को




संवाददाता

**रांची:** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सरकार की ओर से झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सीआईडी शिकायतों की जांच कर रही है। परीक्षार्थियों और अन्य शिकायतकताओं ने जो प्रमाण दिए हैं, सीआईडी की टीम ने उसे जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब में भेजा है। जांच रिपोर्ट आने में अभी समय लगेगा। इसलिए 4 सप्ताह का समय दिया जाए। झारखंड सरकार के वकील का पक्ष सुनने के बाद जज ने मामले की सुनवाई 26 मार्च तक स्थगित कर दी। अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

**सुनवाई पूरी होने तक जारी रहेगी परीक्षा परिणाम पर रोक :** चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने केस की सुनवाई की। झारखंड सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से संजय पिपरवार ने अपना पक्ष रखा। जब तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक परीक्षा के परिणाम पर रोक जारी रहेगी।

## झारखंड की 2 बेटियों को राष्ट्रपति भवन से मिला खास निमंत्रण, 'एट होम रिसेप्शन' में होंगी शामिल

मेट्रो रेज

**रांची:** जमशेदपुर की रितिका तिर्की और पूर्णिमा महतो को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में 'एट होम रिसेप्शन' में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। दोनों को पोस्ट के द्वारा निमंत्रण बॉक्स मिला है। साथ ही राष्ट्रपति भवन से फोन कॉल भी आया। इस मौके पर दोनों का सर गर्व से ऊंचा हो गया है।

बता दें कि राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से एक विशेष भोज 'एट होम रिसेप्शन' आयोजित होता है। इसमें देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम रिसेप्शन' में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री, सभी राजनैतिक दलों के नेता और विदेशी मेहमान शामिल होंगे। यह कार्यक्रम परेड के बाद शाम 4 बजे शुरू होगा। इसमें शामिल होने





के लिए राष्ट्रपति भवन से खास तरह का निमंत्रण बॉक्स भेजा जाता है। इस बॉक्स में बैच, कार पास के अलावा शिल्पकारों की कलाकृति भी शामिल रहती है

जानकारी हो कि रितिका तिर्की देश की वंदे भारत ट्रेन की पहली ट्राइबल सहायक लोको पायलट हैं। वह जमशेदपुर के जुगसलाई इलाके की रहने वाली हैं। रेलवे में नौकरी मिलने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग धनबाद में हुई थी और बाद में टाटानगर स्थानांतरित हो गईं। उन्होंने टाटानगर से गोमो तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाकर इतिहास रचा था। रितिका ने बताया, ₹जब राष्ट्रपति भवन से मेल आया तो मुझे भरोसा नहीं हुआ। फिर पोस्टमैन ने जब निमंत्रण बॉक्स दिया और खास डिलीवरी बताई, तब यकीन हुआ।

वहीं पूर्णिमा महतो टाटा स्टील आर्चरी में कोच हैं। उन्होंने 1994 में टाटा स्टील में प्लेयर के रूप में करियर शुरू किया और 2000 में आर्चरी कोच बनीं। 2013 में उन्हें द्रोणाचार्य अवार्ड और 2024 में पद्मश्री सम्मान मिला। पूर्णिमा ने बताया, ₹राष्ट्रपति भवन से पहले मेल आया, फिर निमंत्रण बॉक्स मिला और आखिर में फोन कॉल आया। शुरूआत में यकीन नहीं हुआ, लेकिन निमंत्रण बॉक्स देखकर गर्व महसूस हुआ।₹ यह उनकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से दूसरी मुलाकात होगी।

## पश्चिम बंगाल में झारखंड के 2 मजदूरों की मौत पाइपलाइन बिछाने के दौरान मिट्टी धंसने से हादसा


**पाकुड़ :** पश्चिम बंगाल के सालानपुर प्रखंड में हर घर नल योजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां पाइप वेल्डिंग के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से 4 मजदूर दब गए। इसमें से 3 की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में 22 वर्षीय रज्जाक शेख, 18 वर्षीय रोहित उद्दीन शेख और 25 वर्षीय नितेश पासवान की मौत हो गई। रज्जाक और रोहित झारखंड के पाकुड़ जिले के रहने वाले थे। जबकि नितेश पश्चिम बंगाल के नियामतपुर चिनाकुड़ी का था। घायल 20 वर्षीय शमसुल शेख भी पाकुड़ का निवासी है और उसका इलाज चल रहा है।

**पोकलेन मशीन से निकाले गए मजदूर :** घटना की सूचना मिलते ही बचाव कार्य शुरू किया गया। पोकलेन मशीन की मदद से मजदूरों को बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने 3 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इस परियोजना का काम आसनसोल की मुहम्मद आमिर खान एजेंसी द्वारा कराया जा रहा था। हादसे के बाद जनस्वास्थ्य तकनीकी विभाग, आसनसोल अनुमंडल अधिकारी और सालानपुर बीडीओ सहिता कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिवारों को सहायता देने का आश्वासन दिया है। फिलहाल जलापूर्ति पाइपलाइन का कार्य रोक दिया गया है।

## कर्नाटकः उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, 17 घायल

**उत्तर कन्नड़ (कर्नाटक) :** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में फलों और सब्जियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा बुधवार तड़के जिले के येल्लापुर में अरेबेल और गुलापुरा के बीच नेशनल हाईवे-63 पर हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण के अनुसार, सब्जियां बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था।

## श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरों को किया रिहा, स्वदेश लौटे



**चेन्नई :** श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरे को किया रिहा कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तमिलनाडु के 41 मछुआरे चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने इन मछुआरों को 8 सितंबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा रिहा किए जाने के बाद मछुआरे मंगलवार देर रात चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे। तमिलनाडु तटीय पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 41 मछुआरों में से 35 रामनाथपुरम के निवासी हैं, जबकि अन्य नागपट्टिनम और पुदुकोट्टई जिलों के रहने वाले हैं। स्वदेश लौटने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा।

तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों का स्वागत किया और अलग-अलग वाहनों में उनके गृहनगरों तक परिवहन की व्यवस्था की। इससे पहले श्रीलंका ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों के एक समूह को रिहा किया था, जो 16 जनवरी को चेन्नई पहुंचे थे।

भारतीय मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के साथ चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाया था।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी केंद्र सरकार से लगातार गिरफ्तारियों पर रोक लगाने और राज्य के मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। तमिलनाडु के मछुआरा संघों ने तटीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए और निर्णायक कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उनसे बीच समुद्र में होने वाली गिरफ्तारियों और मछली पकड़ने वाली

मशीनीकृत नावों की जब्ती पर रोक लगाने का आग्रह किया था, जो उनकी आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं। पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने भी आगे की हिरासतों को रोकने के लिए भारत सरकार से कड़े हस्तक्षेप की मांग की थी।

वर्तमान में, तमिलनाडु के 504 भारतीय मछुआरे कथित तौर पर 48 मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं के साथ श्रीलंका की हिरासत में हैं।

## दिल्ली चुनावः दिल्ली में 4 दिन तक रहेगा ह्यड्राई डे'

**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी आयुक्त ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी करते हुए 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान और मतगणना के दिनों को 'ड्राई डे' घोषित किया है। इसका मतलब है कि इन दिनों में शराब की दुकानें और शराब परोसने वाले प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार ने आदेश दिया है कि 3 फरवरी को शाम 6 बजे से 5 फरवरी को शाम 6 बजे तक और फिर 8 फरवरी को मतगणना के दिन दिल्ली में ड्राई डे रहेगा। इस दौरान शहर में शराब की बिक्री और परोसने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। कुछ प्रतिष्ठानों को शराब रखने और बेचने के लिए अलग-अलग प्रकार के लाइसेंस जारी किए गए हैं फिर भी इन्हें ड्राई डे के दौरान शराब परोसने की अनुमति नहीं होगी। इसमें गैर-स्वामित्व वाले क्लब, स्टार होटल और रेस्तरां भी शामिल हैं। दिल्ली में इस बार 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में 699 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें से 96 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी राजनीतिक दल चुनावी प्रचार में व्यस्त हैं और अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए मतदाताओं को आकर्षित करने में लगे हैं।

### बिहार में रिश्वत देने के लिए अब निगरानी ब्यूरो देगा पैसा

## घूसखोरी पर लगाम के लिए बना नया प्लान




**पटना :** बिहार में रिश्वतखोरों को दबोचने के लिए निगरानी ने नया प्लान तैयार किया है। निगरानी ब्यूरो भ्रष्ट लोक सेवकों खासकर बड़े लोक सेवकों को दबोचने के लिए नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसके तहत अब किसी लोक सेवक या सरकारी कर्मी के स्तर से मांगी जानेवाली घूस की राशि को निगरानी ब्यूरो मुहैया कराएगी। ट्रैप कराने के लिए घूस के पैसे ब्यूरो के स्तर से मुहैया कराने की यह पहल पहली बार की जा रही है, हालांकि कानून में इससे संबंधित प्रावधान मौजूद है।

**निगरानी मुहैया करायेगा रिश्वत के पैसे :** फिलहाल ट्रैप मेंजो राशि लगती थी, वह संबंधित शिकायतकर्ता की ही होती थी। घूस लेते रंग हाथ पकड़े जाने के बाद इस राशि को प्रदर्श के तौर पर जमा कर लिया जाता था। यह राशि उस समय तक संबंधित व्यक्ति को नहीं मिलती थी, जब तक इस पर कोर्ट के स्तर से फैसला नहीं आ जाता या कोर्ट में इसे प्रस्तुत कर के इस राशि को रिलीज कराने की विधिवत प्रक्रिया पूरी नहीं कर ली जाती है।

**अब नहीं फसेंगे शिकायकर्ता के पैसे :** इतने समय तक यह राशि निगरानी ब्यूरो में बतौर साक्ष्य जमा रहती थी। इससे शिकायतकर्ता के पैसे इतने लंबे समय तक के लिए फंस जाते थे। इस मामले में ब्यूरो के डीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि यह नई व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इससे संबंधित सभी तैयारी और ट्रेजरी से राशि का बंदोबस्त कर लिया गया है। अब नई व्यवस्था से शिकायतकर्ता की जेब से पैसे नहीं फंसेंगे।

न्यूज ब्रीफ



## भेलवा टुंगरी मेला टुसु प्रर्दशनी के साथ सम्पन्न

**मुरी :** टुसु प्रर्दशनी, फुटबॉल प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता, मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता के साथ स्व काशी नाथ महतो की स्मृति में भेलवा टुंगरी मेला धुम धाम से सम्पन्न हो गया।मंच पर स्व काशी नाथ महतो के चित्र पर परिवार के संवंधी एवं गणमान्य लोग माल्यार्पण कर याद किया। जिला परिषद वीणा देवी,उप प्रमुख आरती देवी, समाज सेवी श्याम सुंदर महतो, जयपालसिंह , सुनील सिंह, लक्ष्मण महतो,डॉ अमित महतो, एवं उसके परिवार विराजमान थे।मंच से फुटबॉल प्रतियोगिता विजेता, क्रिकेट प्रतियोगिता विजेता एवं उपविजेता को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। मेले में पाता नाच के मनमोहक प्रस्तुति से मेले में रौनक देखने को बना। मेले में काफी शौकीन लोग मुर्गा लड़ाई देख कर मनोरंजन किया वहीं युवकों का एक भीड फुटबॉल प्रतियोगिता,क्रिकेट प्रतियोगिता में रही।टुसु प्रर्दशनी वाले में कलुवाडीह के वीणा देवी ,कुसुमटीकरा के अंजु देवी और बांध डीह के सुशीला देवी को पुरस्कृत किया गया।इसे सफल बनाने मनोहर महतो, विशाल महतो, सुभाष चन्द्र महतो एवं सक्रिय सदस्यों का सहयोग रहा। कमिटी के सदस्यों ने में शाराब पर पाबंदी एवं हब्बा डब्बा रोक लगा दी थी। जिसकी प्रशंसा सभी शांति प्रिय लोगों ने किया।

## अभिनंदन समारोह में कल्पना की दहाड़, कहा- भूलना नहीं है 31 जनवरी का दिन



**गिरिडीहः** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के ताराटांड़-पिंडाटांड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ मंत्री हफीजुल हसन अंसारी पहुंचे। यहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता ने अपने दादा (हेमंत सोरेन) पर विश्वास जताया और मुख्यमंत्री विकास में जुट गए हैं। इससे पहले 2019 में भी जनता का साथ मिला था तो हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी थी। उस कार्यकाल के दौरान केंद्र की सरकार ने उन्हें खूब तंग किया। हेमंत सोरेन को जेल तक भिजवा दिया।

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता ने भाजपा की सच्चाई को समझा और 2024 के चुनाव में पूरा समर्थन दिया। आपको याद है न कि आपके दादा को जेल कब भेजा गया था। 31 जनवरी की तारीख थी वह, इस तारीख को भूलना नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजना चला रही है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

**गांडेय का होगा अभूतपूर्व विकास :** झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि गांडेय की जनता ने उनपर फिर से विश्वास जताया है। इसका सुखद परिणाम दिखेगा। यहां विकास के कई काम किए जाएंगे। शिक्षा से लेकर सिंचाई के क्षेत्र में काम होगा। इस कार्यक्रम को मंत्री हफीजुल अंसारी ने भी संबोधित किया।

गाँडेय में आयोजित आभार सह संवाद कार्यक्रम में अपनों से मिलना हुआ। राज्य और विधानसभा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। आज का यह संवाद हमारे क्षेत्र के विकास के प्रति आपके सकारात्मक सोच को दशार्ता है।

**कार्यक्रम ये रहे मौजूद :** इस दौरान जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह के अलावा महालाल सोरेन, गोपिन मुर्मू, दिलीप मंडल, बबली मरांडी, हिंगामुनी मुर्मू, चांदमल मरांडी, भैरव वर्मा, प्रमिला मेहरा, शाहनवाज अंसारी, हीरालाल मुर्मू, दशरथ किस्कू समेत कई लोग मौजूद रहे। इसके अलावा कल्पना सोरेन को सुनने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## रांची के सुकुरहुटू में बनेगा नया रिम्स, स्वास्थ्य मंत्री ने किया स्थल का निरीक्षण



**रांचीः** जिला में कांके के सुकुरहुटू में नया रिम्स बनेगा। राज्य सरकार ने इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली है। इसको लेकर जल्द ही प्रस्तावित रिम्स-2 का शिलान्यास होगा। 102 एकड़ में बनने वाले इस नये रिम्स का आधारशिला 15 दिनों में रखी जाएगी। 1074 करोड़ की लागत से बनने वाले इस नये रिम्स का स्थल निरीक्षण मंगलवार 21 जनवरी को विभागीय अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने किया। स्थल का निरीक्षण के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ये बड़ी सौगात होगी। इसके तैयार हो जाने से रिम्स पर पड़नेवाले दवाब में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि रिम्स को कांग्रेस ने बनाया था और नये रिम्स को ये सरकार बनाएगी। स्थलीय निरीक्षण में स्वास्थ्य मंत्री के साथ विभाग के अपन मुख्य सचिव अजय कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल मौजूद रहे।

**नये रिम्स में सुपर स्पेशयलिटी की होगी सुविधा :** रिम्स-2 में स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा होगी। जानकारी के मुताबिक इस नये रिम्स में नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, नियोनाटोलॉजी की सुविधा मिलेगी। इस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल निर्माण पर राज्य सरकार 1074 करोड़ खर्च करने जा रही है। इस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ की जमीन पर होगा। जिसमें 250 सुपर स्पेशलिटी बेड और 700 बेड के नए अस्पताल बनाने की योजना है। एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में चिकित्सकों की कमी है इसे भी दूर करने की कोशिश की जा रही है। वर्तमान समय में करीब 5000 चिकित्सक हैं जबकि आबादी चार करोड़ है। ऐसे में लोगों को सुविधा मुहैया कराना एक चुनौती है नए रिम्स के बन जाने से लोगों को राजधानी में अत्यधिक स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सकेगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां, कैबिनेट ने जारी किया मंत्रियों का झंडोत्तोलन कार्यक्रम

संवाददाता



**रांचीः** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। रांची के मोरहाबादी मैदान में राजकीय कार्यक्रम होगा। यहां राज्यपाल संतोष गंगवार झंडोत्तोलन करेंगे। जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपराजधानी दुमका में ध्वजारोहण करेंगे। इस बीच मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंत्रियों के झंडोत्तोलन का शिड्यूल जारी कर दिया है।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू के डाल्टनगंज में ध्वजारोहण करेंगे। पश्चिमी सिंहभूम में मंत्री दीपक बिरुआ, गुमला में मंत्री चमरा लिंडा, जमशेदपुर में मंत्री रामदास सोरेन, देवघर में मंत्री हफिजुल हसन, जामताड़ा में मंत्री इरफान अंसारी, गिरिडीह में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, बोकारो में मंत्री योगेंद्र प्रसाद और लोहरदगा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ध्वजारोहण करेंगी। इसके अलावा कांग्रेस विधायक सह मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा में ध्वजारोहण करेंगी, जबकि गोड्डा के राजद विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव पाकुड़ में 26 जनवरी को तिरंगा फहराएंगे।

इधर, रांची के मोरहाबादी मैदान में 26 जनवरी को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस साल पश्चिम बंगाल पुलिस की बटालियन गणतंत्र दिवस परेड की गेस्ट बटालियन बनी है। इसके अलावा कुल 13 बटालियन गणतंत्र दिवस समारोह में होने वाले भव्य परेड में भाग लेंगी। इस बार मोरहाबादी मैदान में मंईयां सम्मान योजना को प्रदर्शित करने वाली झांकी आकर्षण के मुख्य केंद्र में रहेगी।

### पर्यटन विभाग के तीन अधिकारी मैड्रिड रवाना


## टूरिज्म के गुण सीख झारखंड में पर्यटकों को करेंगे आकर्षित



**रांचीः** राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेमंत सरकार के अधिकारी स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 22 से 26 जनवरी तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला में हिस्सा लेंगे। पर्यटन सचिव मनोज कुमार के नेतृत्व में विभाग के तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम इस अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेला के जरिए दुनिया में टूरिज्म क्षेत्र में चल रहे नये- नये आइडिया को सीखने के लिए गए हैं।

मैड्रिड गए अधिकारियों में पर्यटन निदेशक अंजली यादव और जेटीडीसी के निदेशक शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला से सीखकर ये अधिकारी झारखंड के पर्यटन क्षेत्र को भी उसी तर्ज पर विकसित करने का प्रयास करेंगे। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के अनुसार इस अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला में बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह सोच है कि झारखंड को खनन के बजाय टूरिज्म के लिए देश दुनिया में लोग जानें इस दिशा में सरकार ने कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। आने वाले समय में हम अपने यहां के पर्यटन स्थलों को विकसित कर प्रकृति की इस अनुपम सौगात से देश दुनिया को परिचित कराने में जरूर सफल होंगेबब

**अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला का क्या है खास :** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला 22-26 जनवरी तक आयोजित होगा। यह पर्यटन क्षेत्र के पेशेवरों के लिए एक वैश्विक मिलन स्थल है। इस मेले में पर्यटन क्षेत्र के पेशेवरों के साथ-साथ आम जनता भी शामिल होती है। इस मेले में पर्यटन क्षेत्र की नवीनतम कार्यो की जानकारी मिलती है। दुनिया के विभिन्न देश अपने-अपने पर्यटन स्थल के बारे में जानकारी साझा करते है।साथ ही पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों के बीच इसके माध्यम से संपर्क स्थापित करने का मौका मिलता है।पर्यटन क्षेत्र के नए स्थानों, सेवाओं, और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा होने पर पर्यटन को बढ़ावा मिलता है।



## मुरी ओपी स्थित मंदिर में पहली बर्षगांठ पर पूजा अर्चना

मुरी - मुरी ओपी स्थित मंदिर की पहली बर्षगांठ पर पूजा की गई। सबेरे से मंदिर में श्रद्धालुओं पहुंचे और स्वर्ण रेखा नदी से कलश लेकर जल यात्रा निकाली गई जो मुरी ओपी स्थित मंदिर में कलश का विधिवत रूप से पुजा पाठ कर स्थापित किया गया। भजन कीर्तन का काम चलता रहा। सन्ध्या में भंडारा आयोजित किया गया है।इस पुरे धार्मिक अनुष्ठान में थाना स्टाफ एवं स्थानीय लोगों का भागीदारी रहा।

## पोस्ता की खेती करने वाले 18 लोगों पर मुकदमा,दो हुए गिरफ्तार, पुलिस की कार्रवाई में कई खुलासे



**पलामूः** जिले के मनातू थाना क्षेत्र में पोस्ता की खेती करने वाले 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि अफीम की खेती करने वाले दो लोगों को मौके पर गिरफ्तार भी किया गया है। दोनों पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के सोहे गांव के रहने वाले हैं। दोनों पर पहले से भी पोस्ता की खेती करने के आरोप में एफआईआर दर्ज है।

पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि मनातू थाना क्षेत्र के जयपुर के इलाके में अवैध रूप से पोस्ता की खेती की जा रही है। इसी सूचना के आलोक में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में एक अभियान शुरू किया गया।

पुलिस की टीम जैसे ही खेती वाले स्थान पर पहुंची तस्कर पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर मौके से खेती करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने 40 वर्षीय सत्येंद्र पासवान और 45 वर्षीय लखन यादव को गिरफ्तार किया है।

दोनों मनातू थाना क्षेत्र के सोहे के रहने वाले हैं। दोनों के बयान के आधार पर पुलिस ने पोस्ता की खेती करने वाले 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि गिरफ्तार सत्येंद्र और लखन यादव पर पहले से भी पोस्ता की खेती करने के आरोप में एफआईआर दर्ज है।

दोनों आरोपियों ने पुलिस को खेती करने वालों के कई नाम बताए हैं जिसके बाद अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कई जानकारियां मिली हैं। पूछताछ में पूरे नेटवर्क का पता चला है। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## हिंसक झड़प मामले को लेकर सांसद सीपी चौधरी ने डीसी से की मुलाकात

**धनबादः** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हुई हिंसक झड़प मामले में आज धनबाद समाहरणालय पहुंचे जहां उन्होंने डीसी से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना बीसीसीएल एरिया 3 के प्रबंधन की देन है। उन्होंने कहा कि स्थानीय रैयतों की मांग को अनदेखा किया गया। इसके अलावा वन समेत कई अन्य चीजों की मंजूरी भी नहीं ली गई और आउटसोर्सिंग की बॉन्ड्री देने का काम शुरू किया गया जिससे झड़प हुई और उसमें एसडीपीओ सहित अन्य घायल हुए। मेरे कार्यालय को भी आग लगा दी गयी। घटना को लेकर चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि दो दिन पूर्व ही हमारे एरिया के जीएम के साथ स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर वार्ता हुई थी। जिसमें कहा गया था।

## धनबाद हिसंक झड़प मामलाः एक अन्य आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**धनबादः** जिला में मधुबन थाना क्षेत्र स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी परिसर में हुई हिंसक झड़प मामले में पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। इस कांड के एक नामजद आरोपी को पुलिस ने शिकंजे में लिया है।

मंगलवार को पुलिस ने अभियुक्त शेख मोबिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शेख मोबिन हथियार के साथ रंगेहाथों पकड़ा गया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल और चार गोली पुलिस ने बरामद किया है। शेख मोबिन शेख डब्लू गुट का सदस्य है।

ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शेख मोबिन शेख डब्लू गुट का सदस्य है। खरखरी के एक जंगल से इसकी गिरफ्तारी हुई है। जंगल में इसने पिस्टल छिपाकर रखा था, पिस्टल और मैगजीन लेकर वह निकला था। इस दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को शेख डब्लू और कारू यादव के बीच में हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में झड़प हुई थी। इसी हिसंक झड़प के बाद पथराव में एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह जख्मी हो गए थे, शेख मोबिन डब्लू शेख गुट का सदस्य है। इसके द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार भी किया है।

ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि मधुबन में हुई हिसंक झड़प मामले में 19 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। करीब 100 से अधिक नामजद आरोपी बनाए गए हैं। अभियुक्त एवं अप्राथमिक अभियुक्तों की तालाश पुलिस कर रही है, लगातार छापामारी जारी है। मधुबन कांड में अबतक कुल 12 प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं। बता दें कि मधुबन की घटना 9 जनवरी की है। धमाबांध ओपी और मधुबन थाना अंतर्गत वर्चस्व को लेकर बमबाजी-गोलीबारी, आगजनी और बाघमारा एसडीपीओ पर पथराव किया गया था।

# बाघवार अकादमी ने पांच विकेट से आचार्यकुलम को हराया, अगले दौर में प्रवेश

संवाददाता



**चान्हो :** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 के तहत रांची के शाखा मैदान में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में बाघवार अकादमी चान्हो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आचार्यकुलम स्कूल को पांच विकेट से हराया और अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

मैच की शुरूआत में आचार्यकुलम स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका यह निर्णय बल्लेबाज कुमार आदित्य सिंह की विस्फोटक पारी के चलते सही साबित होता दिखा। आदित्य ने मैदान पर अपना दबदबा कायम रखते हुए 124 रनों की शतकीय पारी खेली, जिसमें 21 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी ने टीम को 258 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, अन्य बल्लेबाज ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। समर ने 34 और कप्तान हिमांशु राज ने 21 रनों का योगदान दिया।

बाघवार अकादमी के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए आचार्यकुलम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका। जियाउल हक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 ओवर में 29 रन देकर तीन अहम विकेट लिए। उनके अलावा आदर्श राज ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से दो विकेट चटकाए। हिमांशु महली, जितेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक महली, और हर्षित नयन ने भी एक-एक विकेट लेकर बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बाघवार अकादमी ने अपनी बल्लेबाजी से मैच को एकतरफा बना दिया। टीम के कप्तान अभिषेक महली ने अग्रणी भूमिका निभाई और 73 रनों की लाजवाब पारी खेली। उनकी इस पारी में 14 चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं, हर्षित नयन ने नाबाद 55 रन बनाए और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। रितेश साहू ने 37 और सोनू ताना भगत ने 34 रनों की पारियां खेलीं। बाघवार अकादमी ने यह लक्ष्य केवल 29.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

आचार्यकुलम स्कूल के गेंदबाज मैच में प्रभावी साबित नहीं हो सके। प्रथम कुमार और कप्तान हिमांशु राज ने एक-एक विकेट लिया, लेकिन उनकी गेंदबाजी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए कप्तान अभिषेक महली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उनकी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी ने टीम को जीत की राह दिखाई। बाघवार अकादमी की जीत पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम को बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच अजय कुमार सिंह और मैनेजर राजकुमार महली को दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट जीतने की ओर कदम बढ़ाएं।

# राज्य कर्मियों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में 18 प्रस्ताव पर मुहर लगी है. इसकी जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी. इसमें सबसे खास है रांची में एक और रिम्स के लिए प्रस्ताव पास होना. इसके तहत सुकुरहुटू में 102 एकड़ में 1074 करोड़ की लागत से नया रिम्स बनाया जाएगा. इसके अलावा हेमंत सरकार ने राज्य कर्मियों के लिए बहु प्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत करने का निर्णय लिया है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में आज शाम झारखंड मंत्रालय में हुई इस बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने मीडियाकर्मियों को देते हुए कहा कि स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ सभी राज्य कर्मियों को मिलेगा. गौतलब है कि इस योजना के तहत राज्य के विधायक, सेवानिवृत कर्मियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मियों को पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा. इसके अलावे कैबिनेट की बैठक में चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति के अलावे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर लगी है.

**मंत्रिपरिषद की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय :** कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि नारकोटिक्स मामलों के निष्पादन के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है वहीं राज्य के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल जैसे सरकारी अस्पतालों में वरीय अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक और आईटी एग्जीक्यूटिव के पदों को सृजित न करने की स्वीकृति दी गई है. झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद पर केके वर्मा को एक बार फिर अवधि विस्तार मिली है. राज्य सरकार ने दिसंबर 2025 तक के लिए के के वर्मा को प्रबंध निदेशक पद पर बनाए रखने की मंजूरी प्रदान की है. मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 25 के द्वितीय अनुपूरक बजट की घटनाओं पर स्वीकृति दी गई है.

**इन प्रस्तावों पर लगी मुहर :** नारकोटिक्स केस की सुनवाई के लिए चतरा में जिला न्यायाधीश स्तर का न्यायालय खोलने की सहमति सरकारी अस्पतालों के लिए वरीय अस्पताल प्रबंधक आईटी प्रबंधक पद सृजित करने की स्वीकृति केके वर्मा को जेबीवीएन एल के एमडी पद पर 31 दिसंबर 25 तक अवधि विस्तार देने की घटनोत्तर स्वीकृति

कुमकुम प्रसाद तत्कालीन बीडीओ तमाड़ पर आरोपित दंड को क्षांत करने की स्वीकृति

झारखंड पारा मेडिकल नियुक्ति, प्रोन्नति नियमावली की स्वीकृति राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना की स्वीकृति प्रदान की गई ज्ञानोदय योजना अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राशि स्वीकृत राजधानी के सुकुरहुटू में 102 एकड़ में 1074 करोड़ की लागत से बनेगा नया रिम्स ।



## मांडर टोल प्लाजा के संचालक की मनमानी दिनभर लंबी लाइन लगी रहती

**मांडर :** मांडर टॉल प्लाजा के संचालक के मनमानी के कारण आवाजाही करने वाले को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ियों के नम्बर सहित गाड़ी में सफर करने वालो की आधार की चेकिंग करने में घण्टो का समय लग जाने से इस टॉल प्लाजा के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाता है। जिससे वाहन से सफर करने वाले लोग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन टॉल प्लाजा के संचालक को इससे कोई भी फर्क नही पड़ता है।

## एसआईपी अबैकस झारखंड ने मनाए 20 शानदार वर्षों का जश्न



**रांची :** एसआईपी अबैकस झारखंड ने 22 जनवरी 2025 को 20 वर्षों की शानदार यात्रा का जश्न मनाया। इस विशेष अवसर पर प्रबंध निदेशक दिनेश विक्टर और वित्त प्रमुख श्रीमती सरला कुलसेकरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक शुभजीत मलिक, राज्य प्रमुख इकबाल सिंह होरा और क्षेत्र प्रमुख श्रीमती सुरिंदर सैनी भी शामिल हुए। समारोह के दौरान, गणमान्य व्यक्तियों ने झारखंड में एसआईपी अबैकस कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले फ्रेंचाइजी और शिक्षकों को सम्मानित किया। एसआईपी अबैकस चक्रधरपुर और चाईबासा की टीमों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस टीम में सुहता रॉय, माला सील, वंदना झा, मधुमिता सरकार, रकीबा परवीन, श्रीजीत दिहिदार और अर्चना शुक्ला ने अपने केंद्रों का गर्व से प्रतिनिधित्व किया और नेटवर्क की उपलब्धियों का जश्न मनाया। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर झारखंड में युवा छात्रों को उनकी एकाग्रता, स्मृति और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एसआईपी अबैकस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## विश्व की सबसे बड़ी पार्टी से जुड़कर लोग गर्व महसूस कर रहे हैं : रोहित शारदा



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के युवा नेता रोहित शारदा के नेतृत्व में डोरंडा बाजार स्थित श्री राम भरत मिलाप कार्यालय के समीप भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 _ 30 के तहत सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई । इस अवसर पर श्री शारदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी से जुड़कर सभी खुद में गौरव महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ की सहसंयोजक डॉक्टर तानिया चतुराज महिला मोर्चा महानगर की अध्यक्ष पायल सोनी, नम्रता सोनी डोरंडा मंडल भाजपा के अध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता मोटे सहित अन्य सदस्य, सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे थे।

# 21 आईईडी बम के साथ 55 पीस जिलेटिन बरामद पुलिस ने नक्सलियों के बंकर भी किये ध्वस्त



**चाईबासा:** कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है. इसी कड़ी में जिला पुलिस मंगलवार को अहम सफलता मिली है. जिसमें सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने जंगलों और पहाड़ी इलाके से भारी मात्रा में आईईडी बम और विस्फोटक बरामद किया है.

पश्चिमी सिंहभूम जिला के कराइकेला के जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में 2-2 किलो के 12 और 1 किलो के 9 यानी कुल 21 आईईडी बम बराबद किया गया है. वहीं 55 पीस जिलेटिन विस्फोटक भी बरामद किया गया है. पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान एक पुराने नक्सली कैंप बंकर को ध्वस्त कर दिया है. इसके साथ ही बम निरोधक दस्ता की मदद से जंगल में बमों को विनष्ट कर दिया गया है.

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि पोड़ाहाट क्षेत्र में सूचना के आधार पर अभियान संचालित किया जा रहा था. नक्सली दस्ता के भ्रमणशील होने की सूचना थी और उसके विरूद्ध अभियान संचालित किया गया. इस ऑपरेशन के दौरान मंगलवार को कराईकेला थानान्तर्गत ग्राम सेरेंगदा के कुचा टोला के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 2-2 किलो के 12 और 1-1 किलो के 9, कुल 21 आईईडी बम को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है.

इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने मौके से 5 पीस जिलेटिन विस्फोटक भी बरामद किया. इसके साथ ही एक पुराने नक्सली डंप यानी बंकर को सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया. इस नक्सली डंप से कई सामग्रियां बरामद की गयी हैं. नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

## निलंबन समीक्षा समिति की अनुशंसा पर पूजा का निलंबन खत्म



**रांची :** आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोर्ट के बाद अब झारखंड सरकार से भी बड़ी राहत मिली है. पीएमएलए कोर्ट से जमानत मिलने के बाद झारखंड सरकार ने भी उन्हें निलंबन से मुक्त कर दिया है. भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अफसर पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त किए जाने की अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग ने जारी कर दी है. उन्हें 7 दिसंबर 2024 के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया गया है. 7 दिसंबर 2024 को ही पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा किया था। निलंबन समीक्षा समिति ने उनके निलंबन पर विचार किया और पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त करने की अनुशंसा की. इसके आलोक में पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त कर दिया गया है. उनके निलंबन अवधि के विनियमन के संबंध में अलग से निर्णय लिया जायेगा. फिलहाल पूजा सिंघल कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग में योगदान देंगी.

पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए 2002 की धारा-19 के तहत गिरफ्तार किया था. इसके बाद उन्हें 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था. इस तरह पूजा सिंघल करीब 2 साल 8 महीने तक निलंबित रहीं. वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2000 बैच की अधिकारी हैं. फिलहाल झारखंड में सचिव रैंक की अफसर हैं. पूजा सिंघल को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया था. उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के ठिकाने से करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक नकद बरामद हुए थे।

# कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड के ग्रामीण इलाके की छात्राएं, रोस्ट्रम में पाइप बैंड के साथ करेंगी प्रदर्शन



संवाददाता

**रांची:** पटमदा के पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर रोस्ट्रम में पाइप बैंड के साथ प्रदर्शन करेंगी. कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षक ने बताया कि झारखंड को पहली बार यह मौका मिला है, जिसमें हमारे विद्यालय की छात्राएं पाइप बैंड बजाएगी. हमें काफी गर्व महसूस हो रहा है. इसके लिए हम पिछले दस साल से प्रयासरत थे।

**ग्रामीण छात्राओं को मिला मौका :** शिक्षक का कहना है कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है. देश के विभिन्न क्षेत्र में यहां की युवा पीढ़ी अपनी पहचान बना रही है. इसी कड़ी में जमशेदपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर पटमदा के बागुरंदा गांव मे स्थित पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं का चयन गणतंत्र दिवस के दिन कर्तव्य पथ पर रोस्ट्रम में पाइप बैंड प्रदर्शन के लिए किया गया है।

**गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शन के लिए तीन स्कूलों का चयन :** बता दें कि दिल्ली में गणतंत्र दिवस के लिए रोस्ट्रम और विजय चौक पर प्रदर्शन के लिए देश के सिर्फ तीन स्कूल का नाम चयनित किया गया है, जिसमें पटमदा पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का नाम भी शामिल है. बैंड दो प्रकार के होते हैं पहला ब्रास बैंड और दूसरा पाइप बैंड, जिसे आर्मी में भी बजाया जाता है. जमशेदपुर के इस विद्यालय की छात्राएं पिछले दस साल से इस कला को सीख रही हैं. झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग 2015 से गणतंत्र दिवस परेड में झारखंड के पाइप बैंड को शामिल करने के लिए प्रयासरत रहा है।

**25 छात्राओं का समूह करेगा पाइप बैंड का प्रदर्शन :** इधर, जिला स्तर, राज्य स्तर, जोनल स्तर पर पाइप बैंड कम्पटीशन में विजेता बनने के बाद जमशेदपुर पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 25 छात्राएं दिल्ली राष्ट्रीय स्तर प्रदर्शन करेंगी। उन्हें कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेशी मेहमान के समक्ष अपना पाइप बैंड बजाकर प्रदर्शन करने का मौका मिला है।

झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर यह पहला मौका मिला है और इस सपने को जमशेदपुर ग्रामीण इलाके की छात्राओं ने साकार किया है. पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं अपनी वार्डन के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं. इधर शिक्षक काफी खुश है कि गणतंत्र दिवस परेड में उनके विद्यालय की छात्राओं का पाइप बैंड का प्रदर्शन टीवी पर देखने को मिलेगा।

**दस साल की कोशिश रंग लाई :** शिक्षक क्वीन ठाकुर बताती हैं कि दस साल के प्रयास के बाद यह पहली बार मौका मिला है. चयनित सभी छात्राएं आस-पास गांव की रहने वाली हैं, जो यहां पढ़ाई करती हैं और रहती भी हैं. सभी के परिवार वाले किसान या मजदूरी करने वाले हैं. छात्राओं में पाइप बैंड बजाने की कला को सीखने में काफी रुझान था. टैलेंट गांव में भी है, सिर्फ जरुरत है उसे निखारने की. बहरहाल एक गांव की छात्राओं ने अपने अथक प्रयास और मेहनत से मंजिल तक पहुंचने का सफर तय किया है, जिससे विद्यालय के साथ झारखंड का भी नाम रौशन हुआ है।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,खूँटी
(जिला समाज कल्याण शाखा,जिला बाल संरक्षण इकाई)

आम सूचना पत्रांक............
गुमशुदा बालिका की सुचना दिनांक............
(बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार)



बालिका का नाम–मंगरी
उम्र– 5 वर्ष लगभग
लिंग –बालिका
रंग – सांवली
पिता का नाम – अज्ञात
माता का नाम –स्व0 हन्ना नाग
पता– अज्ञात
बालिका मिलने का स्थान–बाजार टांड़, खूँटी।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार आशा किरण शेल्टर होम, फुदी, खूँटी में एक बालिका आवासित है, जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राजस्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नही होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम 6 के उपनियम 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, खूँटी द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं सम्पर्क नम्बर –
1. बाल कल्याण समिति, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (ख), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8789833434, 8809199114
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (क), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8709365069, 8210470306

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी
PR 344795 District(24-25).D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला समाज कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई)

पत्रांक............ दिनांक............

आम सूचना
गुमशुदा बालिका की सुचना (बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार)



बालिका का नाम–रवि कुमार
उम्र– 2 वर्ष लगभग
लिंग –बालक
रंग – सांवला
पिता का नाम – अज्ञात
माता का नाम –स्व0 पूजा कुमारी
पता– नारी निकेतन, सहयोग विलेज, डुगडुगिया, हुटार, खूँटी।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार विशेष दत्तक ग्रहण एजेन्सी (SAA), सहयोग विलेज,रांची में एक बालक आवासित है, जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राजस्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नही होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम 6 के उपनियम 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, खूँटी द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं सम्पर्क नम्बर –
1. बाल कल्याण समिति, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (ख), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8789833434, 8809199114
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (क), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8709365069, 8210470306

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी
PR 344801 District (24-25)_D



Deputy Commissioner- cum- District Magistrate, Ramgarh
(District Development Section)

VERY SHORT NOTICE FOR INVITING TENDER

RFP for **Selection of Manufacturer/Agency/Authorized dealer/Individual for supply,installation and commissioning of CCTV for Ramgarh District,Jharkhand.** Terms and condition and other related information can be seen on the office information board or Website www.ramgarh.nic.in. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://ramgarh.nic.in and Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| SL | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Manufacturer/Agency/ Authorized dealer/Individual for supply,installation and commissioning of CCTV for Ramgarh district,Jharkhand. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 21/01/2025 |
| 3 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 5000.00/- (Rs. Five Thousand Only) in form of DD along with the bid documents payable at Vikash Shakha Ramgarh A/c. No- 43636496449 |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 650000.00/- (Rs. Six Lakh Fifty Thousand Only) in form of DD payable at Vikash Shakha Ramgarh A/c. No- 43636496449 |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid (Tender Fee, Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid and Financial Bid) | Date :04/02/2025 Time : 03:00 PM The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/ suggestions to the Deputy Commissioner, Ramgarh for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 6 | Prebid Meeting | 29/01/2025 Time: 05:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date :04/02/2025 Time : 04:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | Development Section, Ramgarh, "B" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 9 | Bid Opening Place | Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh- 825101 |
| 10 | Contact Details | Email id – vikashshakharamgarh@gmail.com |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

sd/–
उप विकास आयुक्त, रामगढ़
PR 344835 District(24-25)#D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला समाज कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई)

आम सूचना पत्रांक............
गुमशुदा बालक की सुचना दिनांक............
(बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार)



बालक का नाम–कृष्णा
उम्र –4 माह
लिंग –बालक
रंग – सांवला
पिता का नाम – अज्ञात
माता का नाम – अज्ञात
बालक मिलने का स्थान–मरंगहादा, खूँटी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, खूँटी के आदेशानुसार विशेष दत्तक ग्रहण एजेन्सी (SAA), सहयोग विलेज,रांची में एक बालक आवासित है, जिसके जैविक एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राजस्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालक के जैविक एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 60 दिनों तक कोई दावा प्रस्तुत नही होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम 6 के उपनियम 13 के अन्तर्गत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, खूँटी द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

दावा प्रस्तुत करने का पता एवं सम्पर्क नम्बर –
1. बाल कल्याण समिति, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (ख), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8789833434, 8809199114
1. जिला बाल संरक्षण इकाई, खूँटी
खूँटी समाहरणालय (विकास भवन), कमरा संख्या–03 (क), द्वितीय तल्ला, खूँटी।
सम्पर्क नम्बर –8709365069, 8210470306

जला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी
PR 344798 (District)24-25*D

## सुविचार

हमारा अस्तित्व हमारे कर्म से है
किसी के नजरिये से नहीं है

# ट्रंप का टशन



यूं भी अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही समाप्त हो जाती हैं। लेकिन जब ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार-बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए। दरअसल, केवल विकासशील व तीसरी दुनिया के देश ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। पनामा नहर का प्रबंधन हासिल करने के बयानों पर भी तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। कभी वे कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के दावे करते हैं। आते ही कनाडा पर टैरिफ बढ़ाकर उन्होंने अपने मंसूबे जाहिर किए हैं। पिछले कुछ वर्षों में महामारी के प्रभावों से उबरते हुए तमाम बीमारियों से जूझते विश्व को ट्रंप ने बड़ा झटका दिया है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से विकासशील व गरीब मुल्कों का स्वास्थ्य तंत्र अब भगवान भरोसे रह जाएगा। यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जिस बात की चिंता पिछले दिनों निवर्तमान राष्ट्रपाति जो बाइडेन भी जता चुके हैं। लेकिन उग्र राष्ट्रवाद के खुमार में डूबे अमेरिकी कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। पर्दे के पीछे ह्यट्रंप उदयह्न के पीछे दुनिया के सबसे अमीर पूंजीपतियों में शुमार एलन मस्क की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिका फर्स्ट की नीतियों के प्रबल पैरोकार ट्रंप को दुनिया के सामाजिक, आर्थिक व सेहत के सरोकारों से कुछ भी लेना-देना नहीं है। कमोबेश यही स्थितियां अमेरिका की विदेश नीति में भी उजागर होंगी। फिलहाल, इस्राइल-हमास संघर्ष थमता दिख रहा है, लेकिन ये कब तक थमा रहता है, कहना कठिन है। जाते-जाते संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ में जो बाइडेन इस्राइल-हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं,लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं,लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

# डॉक्टर-कंपनियों का कपट जाल : दवा की कीमत में उछाल

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20–25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50–70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए। दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है।

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं, कीमतें फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज उदाहरण है, तमाम दवाइयों में ऐसा किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के करीब पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि

**प्रियंका सौरभ**

नियमों के अनुसार दवाओं की कीमतें डॉक्टर नहीं बल्कि दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को खासा मुनाफा होता है।

ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए। दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है।सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंतर्गत लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है लेकिन सैकड़ों फॉमूर्ले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआरपी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदल कर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदल कर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं।

फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ दवाएँ बनाने के लिए तैयार हो जाती हैं, बल्कि मनमानी कीमत तय कर देती हैं। तभी तो देशभर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे हैं। डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है। अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं। सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है। ये गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं। नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए क्योंकि दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फामेर्सी को चुनते हैं। यही नहीं, दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाएं कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे, चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रुपये का इंजेक्शन बारह सौ में न खरीदना पड़े।

हर्बल दवाइयों और ओवर-द-काउंटर दवाइयों के प्रकार जो फामेर्सी के अलावा सुपरमार्केट और कियोस्क जैसी अन्य दुकानों में बेची जा सकती हैं, उनकी भी कीमतों में बदलाव की अनुमति सरकार की तरफ से हो। ये कीमतें पूरी तरह स्टोर द्वारा निर्धारित की जाती हैं इसलिए ग्राहक को एक स्टोर से दूसरे स्टोर में कीमतों में अंतर का अनुभव होता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस: एक पराक्रमी योद्धा

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया 'जय हिन्द' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे।

**रमेश सर्राफ धमोरा**


सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनीं।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। खून भी एक-दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इम्फाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

# दशकों पुराना है कान्हा का यह फेमस मंदिर

हिंदू धर्म में भगवान श्री कृष्ण की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। वैसे तो हमारे देश में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित तमाम मंदिर हैं, लेकिन आज हम आपको कान्हा के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के रहस्यों से भरा हुआ है। कान्हा के इस मंदिर में दूर-दूर से भक्त दर्शन की इच्छा से आते हैं। बता दें कि यहां पर मूछों वाले श्रीकृष्ण की पूजा होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मूंछों वाले भगवान श्रीकृष्ण के अनोखे मंदिर के दिलचस्प रहस्यों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित चेन्नई का पार्थसारथी मंदिर है। यह मंदिर तिरुवल्लीकेनी और ब्रिटिश दौर के ट्रिपलिकेन बीच में स्थिति है। इस मंदिर को मुख्य रूप से 8वीं शताब्दी में पल्लवों ने बनवाया था। फिर बाद में विजयनगर के राजाओं ने इसका निर्माण कराया था। इस धाम में मूंछों वाले श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। यह भारत का इकलौता मंदिर है, जहां पर भगवान श्रीकृष्ण को गीता के उपदेशक के तौर पर पूजा जाता है। जिसकी झलक मंदिर में देखने को मिलेगी। इस रहस्यमई धाम की नींव राजा नरसिंहवर्मन प्रथम ने रखी थी। इस मंदिर का नाम इसके



पास में मौजूद पवित्र तालाब से लिया गया है। इसमें पांच पवित्र कुएं शामिल हैं। बताया जाता है कि इन चमत्कारी कुओं में गंगा नदीं से भी ज्यादा पवित्र जल है।

वहीं भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित इस मंदिर में जगत के पालनहार भगवान श्रीविष्णु के अन्य अवतारों की भी झलक देखने को मिलती है। इस मंदिर में हर रोज भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है। कहा जाता है कि जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर इस मंदिर में आते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## सेहत

# 99% लोगों को नहीं पता खजूर खाने का सही तरीका

खाली पेट अखरोट, बादाम, अंजीर और दलिया जैसी कई चीजों का सेवन करना अच्छा माना जाता है। यह आपके शरीर को एनर्जी देता है और वेट लॉस में भी मदद करता है। लेकिन हर हेल्दी चीज शरीर के लिए फायदेमंद नहीं होती है। बता दें कि सुबह के समय खजूर खाना बेहद खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह खजूर के सेवन का सही समय नहीं है। अधिकतर लोग खजूर खाने का सही तरीका नहीं जानते होंगे। जिस वजह से उनके शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो इन 4 चीजों को सुबह खाली पेट नहीं खाना चाहिए। क्योंकि यह नाश्ते के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। वहीं खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से पेट को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी संभावित उम्र बढ़ाना चाहती हैं, तो आपको भी सुबह खाली पेट इन 4 चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए।

**खजूर** : बता दें कि खाली पेट खजूर खाने से बचना चाहिए। क्योंकि इसके अंदर 90 फीसदी सिर्फ शुगर होती है। अगर आप खजूर खाना चाहते हैं, तो आप इसको देसी घी के साथ खा सकते हैं। वहीं इसके साथ में काजू–बादाम जैसे नट्स का सेवन जरूर करें।

**चीनी वाली चाय** : अगर आप भी सुबह उठकर सबसे पहले चाय या कॉफी का सेवन करते हैं, तो यह आदत गलत है। या तो आप चाय या कॉफी में चीनी की मात्रा कम कर दें या फिर इसका सेवन करने से बचें। हेल्थ एक्सपर्ट इसकी जगह स्टीविया जैसे नॉन न्यूट्रिटिव स्वीटनर का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं।

**चाय के साथ बिस्कुट** : बहुत सारे लोगों को चाय में बिस्कुट डुबोकर खाने की आदत होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाली पेट यह चाय के साथ बिस्कुट खाने की यह आदत आपको नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसकी जगह घी लगा खाखरा खाना बेस्ट आइडिया हो सकता है।

**माल्ट बेस्ड ड्रिंक** : बाजार में कई सारी माल्ट बेस्ड ड्रिंक आती है। यह माल्ट बेस्ड ड्रिंक मसल्स, ताकत या हाइट बढ़ाने का दावा करती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# छात्र अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करे, और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है : जेल एसपी

बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है : विजय

मेट्रो रेज



**बोकारो :** चास के श्यामपुर बोदरो स्थित एकलव्य इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह आरएसएस के पूर्व प्रांतीय संघचालक जगन्नाथ शाही, विशिष्ट अतिथि के रूप में जेल एसपी ने शिरकत की । वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत की. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्रों ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया। वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों के अभिभावकगण और शहर के कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए समारोह स्थल पर पहुंचे और इस कार्यक्रम का आनंद उठाया. स्कूल के प्रिंसिपल विजय शर्मा ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है. शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए. जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया. शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए. जेल एसपी ने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। मौके पर जगरनाथ साही,जवाहर लाल माहथा,जेल एसपी,डायरेक्टर वीपीन कुमार ठाकुर, डायरेक्टर स्निग्धा सिंह, प्रिसिंपल विजय शर्मा, झारखंड माहथा,संजय कुमार, भूतनाथ शर्मा, गुड़िया कुमारी,अर्पिता कुमारी,अनिता कुमारी,सिमरन कुमारी,अंचल कुमारी,सरस्वती कुमारी,आशा कुमारी,श्रुति कुमारी,पायल कुमारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## लातेहार जिला को बाल विवाह से कराया जायेगा मुक्त

लातेहार : स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी ने नीति आयोग व एवीए के सहयोग से लातेहार को बाल विवाह मुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इसे लेकर जिले में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण व इको सिस्टम को मजबूत करने के लिए नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वॉलेंटरी एक्शन (एवीए) की ओर से देश के सबसे पिछड़े क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण पर कार्य योजना बनायी गयी है। निर्णय को लेकर नयी दिल्ली में सेमिनार आयोजन किया गया है। वैदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि यह कदम सराहनीय है। लातेहार जिले को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और यौन शोषण जैसे अपराध से मुक्त कराया जायेगा। एवीए और सोसाइटी बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रही। 250 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी है। यह पहल वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किये गये आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है। इसका लक्ष्य देश के 112 अविकसित जिलों में बदलाव लाना है। नयी दिल्ली में आयोजित सेमिनार में एसोसिएशन फॉर वॉलेंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व महसूस कर रहे हैं।

## आमजनों की समस्याओं का निदान करना ही कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता : बरकत

मेट्रो रेज



साहिबगंज/बरहरवा:पाकुड़ विधायक निसात आलम के निदेर्शानुसार मंगलवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान।मिजार्पुर रामनगर बटाइल मधवापाड़ा,पलासबोना,श्रीकुंड एवम नगर पंचायत से आए दर्जनों महिलाओं ने विधायक कक्ष में मईया सम्मान योजना का आवेदन ऑनलाइन होने के बावजूद भुगतान न होने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि से किया।बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वातालार्प किया आश्वासन दिया गया कि वर्तमान समय में पोर्टल बंद है जैसे ही पोर्टल खुलेगा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।साथ ही बिजली अबुवा आवास,पेंशन का भुगतान नहीं होने तथा अंचल से संबंधित समस्या को लेकर भी आम जन उपस्थित हुए,प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।साथ ही फरीदपुर की कुछ महिलाओं शिकायत की कि तनुजा स्वयं सहायता समूह के डीलर द्वारा दो महीनों से राशन नही दिया गया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने त्वरित कार्यवाही करते हुए डीलर से वातालार्प की एवं बुधवार को राशन वितरण करने को कहा।वही पानी की समस्या से झूझ रहे पथरिया वासियो ने पथरिया में मिल के पास बोरिंग को लेकर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष आवेदन दिया जिस पर प्रतिनिधि खान ने जल्द बोरिंग करवाने का आश्वासन दिया।

## जिला स्तरीय युवा आदान-प्रदान का समापन

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** माय भारत नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज की ओर से आयोजित पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का 5 वे दिन समापन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान कराना है। कार्यक्रम के पांचवे दिन समापन समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह, साहेबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य एस आर रिजवी, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अब्दुस सुभान उपस्थित रहे।समापन समारोह के मौके पर अरविंद प्रसाद सिंह ने बताया कि 5 दिवसीय कार्यक्रम में युवाओं के अंदर जो भी भिन्न भिन्न स्थान पर गए जैसे उधवा झील, मोतीझरना आदि किसी चीज को पढ़ने से ज्यादा उनको साक्षात देखने से ज्यादा सीखने को मिलती हैं। युवाओं के अंदर और आसपास के वातावरण को देखने से माहौल का अच्छा अनुकरण मिलता है। उन्होंने बताया कि यदि शिक्षक ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो बच्चे कभी अनुशासनहीन नहीं हो सकते है। इसलिए बच्चे अपने दीर्घ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े जिससे सफलता निश्चित होगी।साथ ही एस आर रिजवी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से व्यवहारिक जान की प्राप्ति हुई होगी इसमें प्रशिक्षण की सीमा 5 से बढ़ा कर 15 दिन का किया जाना चाहिए क्योंकि इसमें व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति ज्यादा होगी साहेबगंज में में गंगा के किनारे डॉल्फिन भी देखने को मिली होगी। श्री अब्दुस सुभान ने बताया कि हर व्यक्ति को एक सपना देखना चाहिए कि हमें करना क्या है। और उन सपनों को पूरा करने का प्रयत्न करना चाहिए एक कहावत की कोई डाक दिए नाय तो एकला चलों रे। आपलोग अपनी इच्छा शक्ति से अच्छे आगे बढ़े। महात्मा गांधी ने कहा कि दिल में एक राय के दाने के बराबर भी आत्म विश्वाश है तो मंजिल पा सकते है ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम लेखा सहायक साहिबगंज के अनिल कुमार ने किया। नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान नई शिक्षा नीति, पंचायती राज , बल विवाह, पॉस्को एक्ट, वन नेशन वन इलेक्शन आदि के साथ क्षेत्र भ्रमण में भी कराया गया उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नेहरू युवा केंद्र एक मंच प्रदान करता है। हजारीबाग जिले से आए कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें महेश,कोमल, डॉली, रूही, तेजवंत, नोमान,शाहबाज, आकाश, निशु, संजना , जया, उपेंद्र, राहुल, लक्ष्मी, सुधांशु, सचिन, छोटेलाल, नीलेश, संदीप, रवि, आकांक्षा, इशिता, अजय, नीतीश, हिमांशु उपस्थित रहे।

## मधुपुर में श्याम मंदिर से 20 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े चोर

मेंट्रो रेज




**देवघर :** देवघर के मधुपुर में पंच मंदिर रोड स्थित श्याम मंदिर व हनुमान मंदिर से चोरों ने करीब 20 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। मंदिर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने देर रात को घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों ने खाटू वाले बाबा श्री श्याम व बजरंगबली की प्रतिमा के ऊपर लगे चांदी के मुकुट, छत्तर, तीर- धनुष और हार समेत कीमती आभूषणों की चोरी कर ली। पुजारी की नींद खुली तब जाकर घटना की जानकारी मिली

मंदिर के पुजारी रामनरेश शर्मा ने बताया कि रात के करीब दो बजे नींद खुली तो देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला है और मूर्ति से जेवरात गायब हैं। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को आवाज देकर जगाया। मंदिर के चारों तरफ खोजबीन की गयी, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### 20 लाख रुपये के जेवरात की चोरी

घटना की सूचना पुजारी रामनरेश ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को दी। उन्होंने बताया कि लगभग 20 लाख रुपये के भगवान के चांदी की जेवरात की चोरी हो गई है। जानकारी मिलने के बाद मधुपुर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर इंचार्ज त्रिलोचन तमसोई, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार दलबल के साथ मंदिर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

देवघर की सभी खबरें पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

## बच्चे जंगल से लकड़ी चुनकर लाते हैं, तब बनता है मध्याह्न भोजन

मेट्रो रेज



**लातेहार :** जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने गारू प्रखंड स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बच्चों को मिलनेवाले पोषाहार में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आयी। इस मामले को लेकर जिप अध्यक्ष नाराजगी जतायी। निरीक्षण के दौरान बच्चों को निर्धारित पोषाहार फल, दूध, अंडा और पनीर सही मात्रा में नहीं देने की बात सामने आयी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की साफ-सफाई और रख-रखाव पर भी लापरवाही पायी गयी। जिप अध्यक्ष ने विद्यालय की वार्डेन संगीता कुमारी को फटकार लगाते हुए बच्चों को पोषणयुक्त भोजन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलनेवाले पोषाहार उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। निरीक्षण के दौरान यह भी बात सामने आयी कि वार्डेन बच्चों से जंगल से जलावन की लकड़ी मंगाकर भोजन बनवाती हैं। वार्डेन ने सप्लायर पर आरोप लगाते हुए बताया कि विद्यालय को समय पर पर्याप्त मात्रा में अनाज और अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं करायी जाती है। विद्यालय के स्टोर में चावल, दाल, आलू और प्याज जैसी आवश्यक चीजें नहीं थी। मेन्यू भी विद्यालय में नहीं लगाया गया था। वार्डेन ने बताया कि सप्लायर की ओर से हर दिन सामग्री खरीदकर भोजन तैयार करने की बात कही जाती है, जिससे बच्चों के पोषण में बाधा आ रही है। जिप अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले की शिकायत जिला कल्याण पदाधिकारी और उपायुक्त से की जायेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# गढ़वा में एटीएम से पैसे निकालने गई महिला से 25 हजार की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज




गढ़वाः शहर के रंका मोड़ पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में लोग लगातार ठगी का शिकार हो रहे हैं. आज सुबह एक महिला से 25 हजार रुपए ठगी कर ली गई है. इस एटीएम पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है. जिसके चलते भोली भाली ग्रामीण महिलाएं ठगी का शिकार हो रही हैं. इस पर बैंक का कहना है कि एटीएम की जिम्मेवारी हमारी नहीं है. बताया जा रहा है कि महिला पैसा निकालने के लिए पीएनबी के एटीएम पहुंची थी. इसी बीच एक युवक भी एटीएम में पहुंचा और महिला से बोला कि आप एटीएम कार्ड उल्टा लगा रही हैं. महिला नहीं समझ पाई कि वह ठग है. महिला ने उस व्यक्ति पर विश्वास कर उससे मदद ले ली. इस दौरान व्यक्ति ने मदद करने के नाम पर महिला का एटीएम लेकर 25 हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया. इसके बाद महिला को यह कहकर एटीएम कार्ड लौटा दिया कि आपके खाते में पैसा नहीं है और मौके से फरार हो गया.

**जांच के लिए पुलिस पहुंची बैंक**

महिला को इसकी जानकारी तब लगी जब उसके खाते से 25 हजार निकासी का मैसेज मोबाइल पर आया. जानकारी मिलते ही महिला रोती बिलखती सदर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है.

महिला ने बताया कि वह समूह से लोन ली थी, जिसका पैसा चुकाने के लिए वह पीएनबी के एटीएम से पैसा निकालने आई थी. इसी बीच एक अंजान व्यक्ति ने मेरे एटीएम कार्ड को लेकर तीन बार मशीन में स्वैप किया और कहा कि आपके खाते में पैसा नहीं है. जब चेक किया तो पता चला कि मेरे खाते से 25,000 रुपए निकल चुके हैं. इसके बाद हमने मामले की सूचना पुलिस थाने में दी.

### एटीएम हमारी जिम्मेवारी नहीं है: ब्रांच मैनेजर

पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर ने कहा कि एटीएम में सुरक्षा देना हमारी जिम्मेवारी नहीं है. जबकि गढ़वा में कई बैंक के अलग-अलग एटीएम हैं, जिसमें गार्ड को तैनात किया गया है.

## न्यूज IN ब्रीफ

### कुल्हाड़ी और चाकू के हमले से घायल हुआ था सदाकत




**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सोमवार को चाकूबाजी और फायरिंग की घटना में सदाकत अंसारी नामक व्यक्ति घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आया कि वह कुल्हाड़ी और चाकू के हमले से घायल हुआ था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता ने बताया कि डुरुआ निवासी सदाकत अंसारी एवं रमेश शर्मा के बीच घोड़ाकरम के समीप जमीन को लेकर विवाद हुआ था। रमेश शर्मा एवं उसके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर कुल्हाड़ी और चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार से भाग रहे कांड के मुख्य आरोपी सागर शर्मा का पीछा कर बालूमाथ थाना के मकईयाटांड़ के पास पकड़ा। उसके पास हथियार भी बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि इस कांड में शामिल रमेश शर्मा एवं उनकी पत्नी मूर्ति देवी फरार है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। पुलिस ने सागर की निशानदेही पर नाइन एमएम कैलिबर की एक देसी पिस्तौल, 7।6 एमएम कैलिबर की एक देसी पिस्तौल, 15 जिंदा गोली के अलावा कार, मोबाइल बरामद किया है। इस घटना के बाद सदर थाना में कांड संख्या 14-2025 व 15-2025 के तहत दो मामला दर्ज किया गया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड चौड़े, पुअनि राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार महतो, रमाकांत गुप्ता, कुबेर प्रसाद देव समेत लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा 127 आंगनबाड़ी केंद्रों और 45 डीएम एफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का गहन निरीक्षण करते हुए पदाधिकारी को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सहायिका और सेविका के रिक्त पदों की जानकारी ली और इन पदों पर चयन प्रक्रिया के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि चयनित सहायिका और सेविका को नियुक्ति पत्र 26 जनवरी को प्रदान किए जाएंगे। इस संबंध में पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उपायुक्त ने समर एप्स में डेटा एंट्री की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समर एप्स पर सभी डेटा का समय पर अद्यतन और सत्यापन सुनिश्चित करें।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकी उपस्थित थी।

### जिला कल्याण, आईटीडीए एवं पहाड़िया कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला कल्याण आईटीडीए एवं पहाड़िया कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास समेत जेई उपस्थित थे।


### सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**बारियातू :** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। इसका नेतृत्व संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक कर रहे थे। परियोजना प्लस टू उवि के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार साव ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली एनएच-99 मुख्य पथ, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, बाजार टांड़, फुलसू मोड़ समेत अन्य टोले-मुहल्ले से गुजरी। विद्यार्थी सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन व पोस्टर हाथ में लेकर चल रहे थे। इस दौरान सुरक्षित चलें, खुशहाल रहें, हेलमेट लगायें।।जान बचायें, सड़क नियम जो मानेगा।। घर सही-सलामत पहुंचेगा आदि नारे लगा रहे थे। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थी यातायात नियमों की जानकारी दे रहे है। ताकि आम लोग स्वयं सुरक्षित रहें। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने जारी किया संदेश

**लातेहार :** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग ने लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए संदेश जारी किया है। इसमें सड़क सुरक्षा एवं वाहन परिचालन के लिए 10 स्वर्णिम नियम बताये गये हैं। इस संदेश में गाड़ी धीमी करने, अनियंत्रित जेब्रा क्रॉसिंग पर पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने देने, सीट बेल्ट बांधने, यातायात के नियमों और चिह्न का पालन करने, गति सीमा का पालन करने समेत अन्य नियमों का पालन करने को कहा गया है। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, हेलमेट का उपयोग, वाहन सुरक्षित ढंग से न चलाने, दूसरों का ध्यान रखने आदि के संदेश भी दिये गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार नशे में वाहन चलाना, गति सीमा का उल्लंघन करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने, ओवरलोडिंग जैसे दंडनीय अपराध नहीं करने की अपील की गयी है।

# आमिर खान कर रहे वडोदरा में नई फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग



आमिर खान की अगली फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर उत्साह अपने चरम पर पहुंच चुका है। शानदार अभिनय और प्रभावशाली कहानियों के लिए प्रसिद्ध इस सुपरस्टार से दर्शक एक और मास्टरपीस की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस उत्साह को और बढ़ाते हुए एक दिलचस्प अपडेट सामने आया है–आमिर खान इस समय फिल्म की शूटिंग गुजरात के वडोदरा में कर रहे हैं। शूटिंग 21 जनवरी से 25 जनवरी तक चलने वाली है। इस अपडेट ने प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है, क्योंकि वे आमिर खान को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए बेकरार हैं। आमिर खान इस समय अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' के लिए तैयार हो रहे हैं, जो 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में आमिर खान के साथ जेनेलिया देशमुख भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## वैलेंटाइन वीक में रिलीज होंगी ये पांच फिल्में

**वैलेंटाइन डे 2025 :** फरवरी का महीना प्यार करने वालों के लिए बेहद खास होता है। इतना ही नहीं फरवरी के महीने को प्यार का महीना भी कहा जाता है। फरवरी के महीने में हम अपने किसी खास से प्यार का इजहार करते हैं। वैलेंटाइन वीक 2025, सात फरवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाता है। कोई गर्लफ्रेंड या बॉयफ्रेंड को गुलाब या अंगूठियां देकर प्रपोज करता है तो कोई पत्नी या पति के लिए कैंडल लाइट डिनर का प्लान बनाता है। अगर आप प्यार के इस हफ्ते को अपने पार्टनर के साथ मनाना चाहते हैं तो कुछ रोमांटिक फिल्में देख सकते हैं।

**लवयापा :** अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी 'लवयापा' सात फरवरी को रिलीज होने वाली है। 'लवयापा' 2022 में रिलीज हुई तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक है।

**धूम धाम :** यामी गौतम और प्रतीक गांधी स्टारर 'धूम धाम' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस रोमकॉम फिल्म में यामी और प्रतीक गांधी की केमिस्ट्री दर्शकों का ध्यान खींच रही है। यह फिल्म 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।

**छावा :** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

**बदमाश रवि कुमार :** बदमाश रवि कुमार में गायक–अभिनेता हिमेश रेशमिया सीधे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म में कई बड़े कलाकार हैं। यह फिल्म सात फरवरी को देशभर में रिलीज होगी।

**नखरेवाली :** रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नीता सतनानी और अंश दुग्गल नजर आएंगे। 'नखरेवाली' का निर्माण आनंद एल राय ने किया है, जिन्होंने 'तनु वेड्स मनु' का निर्देशन किया था।

# फिल्म 'छावा' से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक आया सामने

विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'छावा' की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही छत्रपती संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल का नया लुक जारी किया गया था। हाल ही में महारानी येसुबाई का किरदार निभा रहीं रश्मिका मंदाना का लुक जारी कर दिया गया है। इसके साथ फिल्म 'छावा' का ट्रेलर कब रिलीज होगा, इसकी भी जानकारी दी गई है।फिल्म के पोस्टर में येसूबाई भोसले के रूप में रश्मिका मंदाना का लुक काफी प्रभावशाली और आकर्षक है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, हर महान राजा के पीछे एक शक्तिशाली रानी होती है। पेश है महारानी येशूबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना, स्वराज्य का गर्व। पोस्टर में रश्मिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। छावा की रिलीज डेट छावा 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म का ट्रेलर कल यानी 22 जनवरी को रिलीज होगा, जिसका विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान ने किया है और अनुभवी



संगीतकार एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है। 'छावा' में विक्की कौशल को छत्रपति शंभू राजेन, रश्मिका मंदाना को येसुबाई और अक्षय खन्ना को औरंगजेब के रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है।

## श्रद्धा कपूर ने पिता के साथ जुहू में खरीदा करोड़ों का लग्जरी अपार्टमेंट



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता के बाद उनके पिता शक्ति कपूर ने मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी है। लग्जरी कार के बाद अब उन्होंने लग्जरी घर पर मोटी रकम खर्च की है। फिलहाल, वह अपने माता–पिता के साथ रहती हैं लेकिन अनुमान है कि वह इस नए घर में शिफ्ट होंगी। जानकारी के मुताबिक, शक्ति कपूर और श्रद्धा कपूर की इस संपत्ति की कीमत 6.24 करोड़ रुपये है। ये एक लग्जरी अपार्टमेंट है, जो पीरामल महालक्ष्मी साउथ टॉवर में स्थित है और 13 जनवरी को पंजीकृत किया गया था। कुल 1042.73 वर्ग फुट में फैले इस अपार्टमेंट में दो बालकनी हैं और इसकी कीमत 59,875 रुपये प्रति वर्ग फुट है। पीरामल महालक्ष्मी साउथ टॉवर अपने रेस कोर्स और समुद्र के दृश्य के लिए प्रसिद्ध है। इसमें 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट हैं। इस बीच श्रद्धा 'स्त्री 2' की सफलता के चलते सुर्खियों में हैं। उन्होंने 2024 में जुहू में 6 लाख रुपये के मासिक किराए पर एक लक्जरी अपार्टमेंट लिया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया था। इसके लिए उन्होंने एक साल का किराया 72 लाख रुपये एडवांस में चुकाया था। वर्कफ्रंटश्रद्धा कपूर ने 'आशिकी 2', 'बागी', 'छिछोरे' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्मों में काम किया है। वह 12 साल से इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। हालांकि, उनके नाम ज्यादा हिट फिल्में नहीं हैं लेकिन वह लोगों के दिलों में राज करती हैं। सोशल मीडिया पर उनके सबसे ज्यादा फैन और फॉलोअर्स हैं। 'फोर्ब्स इंडिया सेलिब्रिटी 100' की सूची में उन्हें 57वां स्थान मिला था।

# रणदीप हुड्डा हॉलीवुड की नई फिल्म के लिए बुडापेस्ट रवाना

बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर रणदीप हुड्डा, जो हर किरदार में डूबकर अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतते हैं, वो अपनी नई हॉलीवुड फिल्म के लिए पूरी तरह तैयार हैं। खबर है कि रणदीप अपनी अगली इंटरनेशनल फिल्म की शूटिंग के लिए बुडापेस्ट रवाना हो चुके हैं। यह उनकी हॉलीवुड में दूसरी बड़ी फिल्म होगी, जो 2020 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई एक्सट्रैक्शन के बाद आ रही है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर में अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस और डायरेक्टोरियल डेब्यू के बाद रणदीप हुड्डा एक बार फिर ग्लोबल स्टेज पर अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। हालांकि, उनकी आने वाली हॉलीवुड फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन एक सूत्र ने बताया, रणदीप इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस बार दर्शक उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में देखेंगे। फिल्म की शूटिंग इस हफ्ते के अंत में बुडापेस्ट में शुरू होने वाली है।

रणदीप की पिछली हॉलीवुड फिल्म एक्सट्रैक्शन में उन्होंने क्रिस हेम्सवर्थ के साथ स्क्रीन शेयर की थी, जिसमें उनकी शानदार परफॉर्मेंस और एक्शन की खूब तारीफ हुई थी। भारत में काम की बात करें तो रणदीप इस समय अपनी अगली फिल्म 'जाट' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ सनी देओल नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है और यह इसी साल रिलीज होने वाली है।





## फिल्म पंजाब-95 की रिलीज टली, दिलजीत दोसांझ ने पोस्ट कर फैंस से मांगी माफी

दिलजीत दोसांझ लोकप्रिय अभिनेता हैं। दिलजीत इस समय अपने 'डिल्युमिनाटी' म्यूजिक टूर से पूरी दुनिया में धूम मचा रहे हैं। दिलजीत सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़े हुए हैं। ऐसे ही दिलजीत की सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट ने उनके फैंस को निराश कर दिया है।

दिलजीत की पोस्ट से फैंस का दिल टूट गयासिंगर-अभिनेता दिलजीत दोसांझ की टीम ने इंस्टाग्राम पर माफीनामा पोस्ट किया। इस पोस्ट में दिलजीत ने लिखा, मैं सभी से माफी मांगता हूं। क्योंकि, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरी आने वाली फिल्म 'पंजाब 95' सात फरवरी को रिलीज नहीं हो रही है। पोस्ट दिलजीत ने किया है। इस पोस्ट पर दिलजीत के फैंस ने निराशा जताई है। इसके अलावा मांग की गई है कि फिल्म 'पंजाब 95' को ओटीटी पर रिलीज किया जाए।

सीबीएफसी के कारण 'पंजाब 95' की रिलीज में देरी हो रही है। इस फिल्म में 1990 के दशक में पंजाब पुलिस ने सिख समुदाय के लोगों पर किस तरह अत्याचार किया था इसकी कहानी दिखाई गई है। इसीलिए इस फिल्म पर विवाद के बादल छा गए हैं। सीबीएफसी ने दिलजीत स्टारर 'पंजाब 95' पर कुल 120 कट लगाए। इसीलिए यह फिल्म तयशुदा रिलीज डेट यानी 7 फरवरी को रिलीज नहीं हो रही है।

# राष्ट्रीय खेल : स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 141 टीमों का गठन

## एंबुलेंस से लेकर हेली एंबुलेंस तक की उपलब्ध रहेगी व्यवस्था

- स्वास्थ्य विभाग ने नामित किए नोडल अफसर, दी जिम्मेदारी
- दून और हल्द्वानी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था

**एजेंसी**

**देहरादून :** 38 वें राष्ट्रीय खेल को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने बडे. स्तर पर तैयारियां की हैं। इस दौरान जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस से लेकर हेली एंबुलेंस तक की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों और मेहमानों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए 141 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक अलर्ट मोड में रहेंगी। प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल हमारे राज्य के लिए गौरव का क्षण है। खिलाड़ियों और मेहमानों को उच्चतम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। हर छोटी-बड़ी जरूरत का ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार के अनुसार-राज्य स्तर पर राज्य नोडल अधिकारी, उप नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। जनपद स्तर पर जिला नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी और सह नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बनाए गए हैं। एंबुलेंस के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। महाराणा प्रताप स्टेडियम, रायपुर, देहरादून के धनवन्तरी ब्लॉक में 10 बेड का अस्पताल खिलाड़ियों के लिए संचालित किया जाएगा। इसी तरह, आईजीआईसीएस स्टेडियम, गोला पार हल्द्वानी में दो बेड अस्पताल संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त मात्रा में औषधियां, उपकरण क्रय किए जा रहे हैं।

### डॉ टम्टा कुमाऊं और डॉ नेगी गढ़वाल के नोडल अफसर

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार के अनुसार-डॉ. तरूण टम्टा, प्रमुख अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, नैनीताल को कुमाऊं मंडल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डॉ. टम्टा ने स्पोर्ट्स मेडिसन में शिक्षा प्राप्त की है। निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मंडल पौड़ी गढ़वाल के स्तर पर डॉ केएस नेगी को गढ़वाल मंडल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### तैयारियों का लेखा-जोखा

- 150 डॉक्टर, 300 नर्सिंग स्टॉफ, 25 फिजियोथेरेपिस्ट, 30 फार्मासिस्ट व 50 वार्ड ब्वाय तैनात किए गए हैं।
- 115 एंबुलेंस राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैनात रहेंगी। ये एंबुलेंस विभागीय और 108 सेवा की हैं।
- 05 बेड एम्स ऋषिकेश के ट्रामा विभाग में दिनांक 28 जनवरी 2025 से 14 फरवरी 2025 तक रिजर्व रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर एयरलिफ्ट की सुविधा हेली एंबुलेंस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
- 50 चिकित्साधिकारियों को एम्स ऋषिकेश में कैपिसिटी बिल्डिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह चिकित्साधिकारी समस्त जनपद के हैं।

### विभाग की तैयारियां

प्राइमरी हैल्थ केयर, सेकेंड्री हैल्थ केयर व टर्रसियरी हैल्थ केयर के नोडल अधिकारी और सह नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। सेकेंड्री हैल्थ केयर, जो जिला चिकित्सालय है, उनमें चिकित्सा विशेषज्ञ जैसे-न्यूरो, कार्डिक, हैड इंजरी एवं स्पाइन इंजरी को उक्त अवधियों में ऑन-कॉल (247) रखे गए हैं।

-प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 03 ऑन कॉल (247) एंबुलेंस मय आवश्यक औषधि सहित तैनात है। खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के रहने के स्थान के निकटतम चिकित्सा ईकाईयों में ऑन-कॉल (247) टीमें तैनात की गई हैं।

प्रत्येक जनपद में सूचीबद्ध चिकित्सालयों की व्यवस्था की गई है:

-प्रत्येक खेल व शिफ्ट में एक टीम बनाई गई है, जिसमें डॉक्टर-01, नर्सिंग स्टॉफ-02,फिजियोथेरेपिस्ट-02(महिला/पुरुष) व वार्ड ब्वाय-01 को टीम में रखा गया है और 01 टीम को स्टैंड बाय रखा गया है। -सभी खेल स्थलों में 01-एएलएस एंड 01-बीएलएस एंबुलेंस की तैनाती चिकित्सकीय दल के साथ की गई है। 01 बीएलएस एंबुलेंस को स्टैंड बाय रखा गया है। -प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 03 ऑन-कॉल (247) एंबुलेंस मय आवश्यक औषधि सहित तैनात है।

## सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर अक्षय कुमार ने दिया रिएक्शन





फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर एक चोर ने हमला कर दिया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चाकू का ढाई इंच का टुकड़ा सैफ की रीढ़ की हड्डी में घुस गया था। डॉक्टरों की मदद से सैफ की सफल सर्जरी हुई। अब एक्टर की हालत स्थिर है। सैफ ने हिम्मत दिखाई और घर में घुसे चोर का सामना किया। इसलिए सैफ का परिवार सुरक्षित रहा। इस मौके पर सैफ के खास दोस्त और एक्टर अक्षय कुमार ने उनकी तारीफ की। सैफ पर हुए हमले पर बोले अक्षयअक्षय कुमार इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'स्काई फोर्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान सैफ अली खान पर हुए हमले पर अक्षय ने प्रतिक्रिया दी है। अक्षय ने कहा, यह बहुत अच्छा है कि वह सुरक्षित हैं। हम सभी खुश हैं। पूरी इंडस्ट्री खुश है कि सैफ सुरक्षित हैं। सैफ ने बहादुरी से परिवार की रक्षा की। मैं सैफ को सलाम करता हूं। हमने 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' बनाई थी लेकिन अगली बार हम दो खिलाड़ी साथ मिलकर फिल्म बनाएंगे। सैफ की हेल्थ अपडेटलीलावती अस्पताल के डॉक्टर नितिन डांगे ने सैफ की हालत पर अपडेट देते हुए कहा, सैफ को अस्पताल से घर भेजने का फैसला अगले 1-2 दिनों में लिया जाएगा। फिलहाल, वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट है और इंजेक्शन लगने की संभावना अधिक है। इसलिए उन्हें देखने आने वालों को अभी रोक दिया गया है। अगले 2 दिनों में उन्हें छुट्टी मिलने की संभावना है लेकिन उन्हें कुछ महीनों तक आराम की जरूरत है।

## जोकोविच 11वें खिताब के करीब, सबालेंका और ज्वेरेव सेमीफाइनल में, बोपन्ना टूनार्मेंट से बाहर

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियन ओपन में मंगलवार का दिन रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। नोवाक जोकोविच और अलेक्जेंडर ज्वेरेव पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। जोकोविच ने 12वीं बार इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई और 10 बार के चैंपियन रह चुके हैं। वहीं, महिला सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के हारने के साथ ही टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। महिला सिंगल्स में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में अनास्तासिया पावलुचेंकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराकर मेलबर्न पार्क में अपनी लगातार 19वीं जीत दर्ज की। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अपनी दोस्त और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अगर सबालेंका इस बार खिताब जीतती हैं तो वे मार्टिना हिंगिस के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन जाएंगी।

# महाकुम्भ क्षेत्र में 40 हजार लोटे से हो रहा जलाभिषेक

## 12 लाख कलश अभिषेक से मनाई जा रही श्री रामानुजाचार्य की सहस्त्राब्दी जयंती

एजेंसी

**महाकुम्भनगर :** तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम पर आध्यात्म का अद्भुत नजारा देखने का मिल रहा है। कुम्भ क्षेत्र में चारों तरफ तीर्थयात्री एवं भक्त आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिसिंचित हो रहे हैं। चहुंओर, संतों की हर शिविर में वगैर शोरगुल के विशिष्ट व विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान किए जा रहे हैं। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर 8 में एक विश्व प्रसिद्ध संत की शिविर में 40 हजार लोटे से जलाभिषेक हो रहा है। यह जलाभिषेक श्री त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री जियर स्वामी के शिविर में श्री रामानुजाचार्य की सहस्त्राब्दी जयंती के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर 40 हजार लोटे से श्रद्धालु प्रतिदिन अभिषेक कर रहे हैं। उनकी सहस्त्राब्दी जयंती पर कुल 12 लाख कलश अभिषेक होना है। यह अभिषेक 12 फरवरी को सम्पन्न होगा। यह जानकारी श्री जियर स्वामी जी महाराज के मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने हिन्दुस्थान समाचार प्रति?निधि को दी। उन्होंने बताया कि पूज्य रामानुजाचार्य जी का 1000वीं जयंती वर्ष चल रहा है। इस



अवसर पर शिविर में प्रमुख आचार्यों की ओर से विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 40 हजार लोटे मंगाए गए हैं। जिसमें जल भरकर श्रद्धालु श्रीरामानुजाचार्य जी के स्मृति में 'श्रीरामानुजाय नमः' के मंत्रोच्चार से अभिषेक कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि श्री जियर स्वामी जी के शिविर में विश्व शांति के कल्याण के लिए श्रीराम कथा एवं श्रीमद्भागवत कथा की रसधार भी बह रही है। उनके कथा पण्डाल में बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक वर्तमान में जगद्गुरु गोविन्दाचार्य मुक्तेश्वर जी महराज, श्री मारुति किंकर जी, श्री बैकुंठ नाथ स्वामी, श्री चतुर्भुज स्वामी, श्री रंगनाथ स्वामी, श्री उद्धव प्रपन्नाचार्य, डॉ. श्याम सुन्दर परासर, श्री मारुति नन्दन वागीश, श्री आनन्द बिहारी शास्त्री, जगद्गुरू श्री अयोध्या नाथ, श्री मुक्तिनाथ स्वामी, श्री माधवाचार्य के मुखारविंद से श्रीराम एवं श्रीमद्भागवत की कथा से श्रद्धालु ईश्वर की भक्ति की लीन में हैं।

पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मोक्ष देने का द्वार है। इस महाकुंभ में जो संगम पर स्नान कर लिया समझें उसका जीवन धन्य हो गया। जिसका बहुत बड़ा सौभाग्य होगा, वह इस महाकुंभ में अमृत स्नान में हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे अनमोल वस्तु मयार्दा है। श्री रामचंद्र को मयार्दा पुरुषोत्तम बनने के लिए वन-वन भटकना पड़ा। अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ा तब वह श्री राम से मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम बने। अतः किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन में कितनी भी बड़ी परेशानी आ जाए विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का ध्यान करना चाहिए। भगवान का ध्यान करने से बड़ा से बड़ा कष्ट समाप्त हो हो जाता है।

## शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ से अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चौनामीन ने ली आशीर्वाद

**महाकुम्भ नगर :** अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चौनामीन शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ के कुम्भनगर स्थित शिविर में मंगलवार की रात पहुंचे और चरण पादुकाओं का पूजन कर मठ के 145 वें शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज की आरती उतारी परशुराम कुंड का जल, चांदी से बना हुआ भगवान परशुराम का फरसा एवं शंख भेंट किया। वह शिविर में रात्रि विश्राम किया। संगम स्नान किया और शिविर में चल रहे महायज्ञ में विधिवत पूजा अनुष्ठान किया। उप मुख्यमंत्री चौनामीन ने दण्डी स्वामियों को भोजन कराया। उनके साथ अरुणाचल के विधान सभा सदस्य जिगनू नामचुंग, राज्य भाजपा कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता , वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## सनातनी रीति-नीति व संस्कारों पर चलने से ही धर्मान्तरण व लव जिहाद पर लगेगी रोक : नीरज

**महाकुंभनगर :** बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि सनातन के मूल्यों पर सनातन की परम्परा पर अपने सनातनी होने पर अपने हिन्दू होने पर गर्व होना चाहिए कि हम हिन्दू हैं। हमारे सनातनी और हिन्दू जीवन मूल्य हैं, उनका पालन करने की रीति–नीति व संस्कारों पर चलने की आवश्यकता है। इससे ही धर्मान्तरण व लव जिहाद पर रोक लगायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सनातन के विचार पूरी दुनिया में फैलाने की आवश्यकता है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः व वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले हैं। सनातन का प्रभाव बढ़ेगा तभी विश्व का कल्याण होगा। नीरज दौनेरिया ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि सनातन की अनुभूति कितनी गहरी होती है, उसकी आस्था कितनी अधिक निष्ठावान होती है, समर्पण युक्त होती है। भक्ति में कितनी शक्ति होती है, महाकुंभ में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है।

## स्वामी आनंद स्वरूप बोले, हर्षा रिछारिया के दूसरे अमृत स्नान का विरोध करूंगा

**महाकुम्भ नगर :** प्रयागराज महाकुम्भ में 30 वर्षीय मॉडल और एंकर हर्षा रिछारिया के भगवा ड्रेस पहनकर शाही रथ पर बैठने और निरंजनी अखाड़े के संतों के साथ अमृत स्नान करने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। महाकुम्भ के दौरान भगवा वस्त्र पहने हर्षा रिछारिया की फोटो सोशल मीडिया में काफी वायरल हुईं थी, लेकिन बाद में उन्होंने कथित तौर पर स्पष्ट किया था कि वह साध्वी नहीं है। गौरतलब है कि, 14 जनवरी को प्रथम अमृत स्नान में हर्षा के अमृत स्नान में शामिल होने का शांभवी पीठाधीश्वर और काली सेना के प्रमुख स्वामी आनंद स्वरूप ने धर्म विरूद्ध बताकर विरोध किया था। उनके विरोध के चलते हर्षा कुम्भ छोड़कर चली गयी थी। अखाड़ा परिषद आया हर्षा के समर्थन मेंशंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद एवं स्वामी आनंद स्वरूप समेत तमाम संत महात्माओं के विरोध के बीच साधु संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने न सिर्फ हर्षा रिछारिया का बचाव किया है, बल्कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होने वाले दूसरे अमृत स्नान पर हर्षा को फिर से शाही रथ पर बिठाने और शाही स्नान कराने का भी ऐलान किया है। हर्षा रिछारिया का करूंगा विरोधहर्षा कुम्भ में वापिस लौट आने और दूसरे अमृत स्नान में हिस्सा लेने की खबर के बीच शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि, ह्यहर्षा के अमृत स्नान में शामिल होने का विरोध जारी रहेगा। इसके लिये हम किसी भी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा, दिक्कत यह है कि छद्म भेष बनाकर वह आईं, उन्होंने नकली जटा लगाई, नकली त्रिपुंड लगाया और मीडिया में बोला कि मैं 2 साल से इसमें हूं और वापस जाने का सवाल ही नहीं। दूसरे दिन ही उनकी मां का बयान आया कि उसकी शादी तय हो गई है। मुझे लगता है कि इस पूरे मामले की पहले स्क्रिप्ट लिखी गई थी ताकि उनके फॉलोअर्स बढ़े।

## पंजाब में आम आदमी क्लीनिक अब होंगे आयुष्मान अरोग्य केंद्र



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब में आम आदमी क्लीनिक खोलने के नाम पर बैकफुट पर आ गई है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद सरकार ने आम आदमी क्लीनिक के बोर्ड उतारने शुरू कर दिए हैं। अब यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान अरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। पंजाब के शहरी क्षेत्रों में 242 आम आदमी क्लीनिक और 2889 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (2403) सब सेंटर और 266 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बोर्ड उतारने का काम लुधियाना जिले से बुधवार को शुरू हो गया। पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन केंद्रों के नाम बदलने शुरू कर दिए हैं। लुधियाना में 94 में से 65 आम आदमी क्लीनिक अब आयुष्मान आरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। इन क्लीनिकों पर नए बोर्ड लगाए गए हैं। इन क्लीनिकों से सीएम भगवंत सिंह मान की फोटो भी हटा दी गई है। केंद्र सरकार को क्लीनिकों के नामों पर आपत्ति थी। उनका कहना था कि केंद्र सरकार के पैसे से खोले गए केंद्रों का नाम आम आदमी क्लीनिक रखकर राज्य सरकार ने ब्रांडिंग नियमों का उल्लंघन किया है। फंड बंद होने के बाद से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच खींचतान चल रही है। बोर्ड बदलने की जिम्मेदारी जिला स्वास्थ्य समितियों को दी गई है। इन बोर्डों पर पंजाबी, हिंदी और अंग्रेजी में आयुष्मान आरोग्य केंद्र लिखा हुआ है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, पीड़िता हुई गर्भवती, आरोपी फरार

**शिमला :** जिला कुल्लू की एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। इसके बाद कुल्लू जिला के आनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई। हालांकि मामला शिमला जिला के रोहडू से जुड़ा होने के कारण रोहडू थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को रोहडू पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार निवासी जुब्बल जिला शिमला के रूप में हुई है। आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। आरोप है कि मनोज कुमार ने नाबालिग लड़की को बहला–फुसला कर कई दिनों तक अपने पास रखा और उसका रेप किया। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता की मां द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता के साथ जून 2024 में शारीरिक सम्बंध बनाये और अभी वह सात माह की गर्भवती है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने अपनी मां व बहन की मदद से इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया है। पीड़िता और उसकी मां का आरोप है कि आरोप परिवार ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। रोहडू पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि शिकायत के आधार पर दुष्कर्म जान से मारने की धमकी व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियुक्त की तलाश की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजौरी का बडाल क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित, क्षेत्र में सभी निजी, सार्वजनिक समारोहों पर रोक

एजेंसी

**राजौरी :** राजौरी में जिला प्रशासन ने बडाल क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है और इस क्षेत्र में सभी समारोहों पर रोक लगा दी है। राजौरी के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार नामित अधिकारी कंटेनमेंट जोन के भीतर परिवारों को दिए जाने वाले सभी भोजन की देखरेख और निगरानी करेंगे। अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है जिससे तीन परिवार प्रभावित हुए हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) पहले से ही मौके पर घटना की जांच कर रहा है। आदेश में कहा गया है कि जिन परिवारों में मौतें हुई हैं उन्हें कंटेनमेंट जोन 1 घोषित किया जाएगा। इन प्रभावित परिवारों के घरों को सील कर दिया जाएगा और नामित अधिकारियों द्वारा अधिकृत



किए जाने तक परिवार के सदस्यों सहित सभी व्यक्तियों के लिए प्रवेश सख्त वर्जित होगा। प्रभावित व्यक्तियों के करीबी संपर्क वाले सभी परिवारों को कंटेनमेंट जोन 2 घोषित किया जाएगा। इन परिवारों के व्यक्तियों को निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए तुरंत जीएमसी राजौरी में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त बडाल गांव के सभी घरों को कंटेनमेंट जोन 3 घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में खाद्य उपभोग की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। निगरानी के तहत प्रतिस्थापित खाद्य पदार्थों की खपत की निगरानी के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। नामित अधिकारी भोजन वितरण और खपत के हर उदाहरण को रिकॉर्ड करने वाली लॉगबुक बनाए रखेंगे। लॉगबुक में प्रविष्टियाँ प्रतिदिन तीन बार की जाएंगी और जवाबदेही के लिए निगरानी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित की जाएंगी। इसके अलावा आदेश संक्रमण के आगे प्रसार को रोकने के लिए इन कंटेनमेंट जोन के अधिकार क्षेत्र में सभी सार्वजनिक और निजी समारोहों को सख्ती से प्रतिबंधित करता है। नामित अधिकारी इन क्षेत्रों में परिवारों को प्रदान किए जाने वाले सभी भोजन की उचित निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

## राजस्थान में मौसम में बदलाव की संभावना

**जयपुर :** राजस्थान में आज से मौसम में बदलाव की संभावना है। प्रदेश के आठ जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। जोधपुर, जालोर, बाड़मेर, कोटा, जयपुर में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से इन शहरों में सर्दी का असर कम हो गया। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हवा की दिशा में बदलाव देखा गया है। राजस्थान, दिल्ली और अन्य मैदानी राज्यों में उत्तरी हवाओं का प्रवाह रुक गया है, जिससे इन क्षेत्रों में तापमान बढ़ने लगा है। उत्तरी हवाओं के थमने से ठंडक में कमी आई है और मौसम अपेक्षाकृत गर्म और सुहावना बना हुआ है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) जयपुर केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के पूर्वी और उत्तरी-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश और घने कोहरे के आसार हैं। जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना है, जबकि अलवर, झुंझुनूं, सीकर और दौसा में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ घना कोहरा छाने की चेतावनी दी गई है।

# शुरूआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में तेजी का रुख, उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एक दिन पहले मंगलवार की जोरदार गिरावट के बाद आज शुरूआती कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच तेजी का रुख है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मास्यूटिकल्स और टेक महिंद्रा के शेयर 2.31 प्रतिशत से लेकर



0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइजेज और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.83 प्रतिशत से लेकर 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,379 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 536 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,843 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर हरे निशान में और 22 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 276.06 अंक की तेजी के साथ 76,114.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 76,247.55 अंक तक पहुंचा। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 76,001.95 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 359.36 अंक की बढ़त के साथ 76,197.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 74.50 अंक उछल कर 23,099.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदार और बिकवाल एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश करने लगे, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी उछल कर 23,127.70 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली होने पर ये 23,050.55 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 65.70 अंक की मजबूती के साथ 23,090.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,838.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,024.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN बिजनेस

### जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**गुवाहाटी :** राजधानी के बाहरी इलाका सोनापुर के बेजनी इलाके में एक जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाके में जंगली हाथियों का झुंड लगातार भोजन की तलाश में आता रहता है। सोनापुर वन विभाग के सूत्रों ने आज बताया है कि जंगली हाथियों ने बीती रात जलेश्वर राभा नामक व्यक्ति के घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। साथ ही घर में मौजूद राभा पर हमला कर उन्हें भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने घायल जलेश्वर राभा को सोनापुर के जिला अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने इलाज करने के पश्चात हालत गंभीर देख उन्हें उन्नत इलाज के लिए बीत रात में ही गुवाहाटी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) में रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि जंगली हाथी, जो लंबे समय से क्षेत्र में भोजन की तलाश में आते रहते हैं। इस तरह की घटनाएं आए दिन इलाके में देखने को मिलती है। बीती रात हाथी के हमले में राभा की एक टांग जहां टूट गयी, वहीं शरीर के अन्य हिस्सों में भी काफी गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीण जंगली हाथियों के लगातार आने को लेकर काफी दहशत में हैं।

### टीपाखोल डेम में डूबे डिप्टी कलेक्टर के बेटे का शव बाहर निकाला , जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़ :** मंगलवार की देर रात अपने दोस्तों से मिलने टीपा खोल डेम पहुंचे डिप्टी कलेक्टर का बेटा पानी में गिरने से डूब गया। मृतक जॉय लकड़ा के शव को देर रात तक ढूंढने का प्रयास किया, वहीं आज बुधवार सुबह बचाव दल शव को ढूंढ निकाला । कोतरा रोड पुलिस मामले में जॉय लकड़ा के दोनों दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जाय लकड़ा मंगलवार को अपने तीन दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था। इसी दौरान वह इयर बड्स निकालने के प्रयास में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंची व तलाश शुरू कर दी थी , काफी प्रयास के बाद जाय लकड़ा का शव नहीं मिल सका ,जिसके बाद आज बुधवार की सुबह गोताखोरों की टीम ने छात्र का शव बाहर निकाला। मृतक छात्र का नाम जाय लकड़ा है और वह दिल्ली में पढ़ाई करता था। छुट्टी मनाने वह अपने घर आया हुआ था। जाय लकड़ा जिंदल स्कूल शिक्षिका अनिता लकड़ा व बालोद में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर अजय लकड़ा का बेटा था।

### ड्रग्स माफिया ने रुपहीहाट में पुलिस पर किया हमला

**नगांव :** ड्रग्स माफिया के एक समूह ने नगांव जिले के रुपीहाट में पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि ड्रग्स माफिया के पांच सदस्यीय गिरोह ने मंगलवार की रात पुलिस टीम पर उस समय हमला किया जब वे रुपहीहाट के भकतगांव खेल मैदान के नजदीक ड्रग्स के विरूद्ध कार्रवाई करने जा रहे थे। ड्रग्स माफिया के हमले में रूपहीहाट पुलिस स्टेशन के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) चिन्मय वरुण कोंवर को चोटें आई हैं। पुलिस अधिकारी कोंवर को ड्रग्स माफिया के समूह द्वारा हमला कर उन्हें कार में ले जाने की भी कोशिश की गई। हालांकि, ड्रग्स माफिया पुलिस पर हमला करने के बाद मौके से भागने की कोशिश की। इस बीच पुलिस टीम ने बहादुरी से आक्रमणकारियों का मुकाबला करते हुए पुलिस अधिकारी को बचाने के साथ ही दो ड्रग्स माफिया को पकड़ लिया। जबकि, तीन अपराधी भागने में सफल हो गये। पुलिस पर हमले के बाद गिरफ्तार किए गए ड्रग्स माफियाओं की पहचान खलीलुर रहमान और रकीबुल हुसैन के रूप में की गई है। पुलिस ने हमलावर ड्रग्स गैंग के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए है। अभियान के दौरान पुलिस ने अपराधियों की एक बाइक (एएस-01बी-5143) को जब्त कर लिया है। इस संबंध में रूपहीहाट पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### शिमला : चरस और चिट्टा बरामद, तीन गिरफ्तार

**शिमला :** शिमला शहर में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मंगलवार देर शाम दो अलग-अलग मामलों में कुल 7.450 ग्राम चरस और 109.660 ग्राम चिट्टा बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी पंजाब के जालंधर व कपूरथला के रहने वाले हैं। पहले मामले में थाना छोटा शिमला में जिला शिमला के स्पेशल सेल ने रोहित शर्मा निवासी नवबहार को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। रोहित शर्मा के कब्जे से 7.450 ग्राम चरस और 17.410 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। दूसरा मामले में संजौली चौक पर आरोपियों को दबोचा गया। इस सम्बंध में थाना ढली में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके मुताबिक पुलिस ने संजौली चौक पर ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध गाड़ी (नंबर पीबी 09 एएल 0185) को रोका। तलाशी के दौरान गाड़ी में सवार पतरास उर्फ मनु निवासी जालंधर और नानक दास निवासी कपूरथला पंजाब के कब्जे से 92.250 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गाड़ी के चालक और उसमें सवार व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गहन पूछताछ की, जिसके बाद यह बरामदगी हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसका मुख्य आपूर्ति स्त्रोत कौन है। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बुधवार को कहा कि शिमला पुलिस मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से भी अपील की गई है कि वे नशे के खिलाफ जागरूक रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को तुरंत दें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, दो गंभीर

**महोबा :** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुगौरा चौकी के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

जनपद मुख्यालय के मुहाल आलमपुरा निवासी दीप सिंह (20), बउआ (18), प्रदीप (16) और रुपेंद्र (17) कबाड़ बेचने का काम करते हैं। मंगलवार को चारों लोग कबाड़ बेचने कबरई कस्बा गए थे। जहां कबाड़ बेचने के बाद रात में चारों लोग एक बाइक से घर लौट रहे थे। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में किडारी फाटक के सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दीप सिंह और बउआ को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि रूपेन्द्र व प्रदीप की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। बुधवार को पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। वाहन व उसके चालक की तलाश तेज कर दी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।एक बाइक में चार लोगों के सवार होने और बाइक के अनियंत्रित होने से दुर्घटना होने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## सड़क सुरक्षा माह पर स्कूली छात्र-छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी



**गुमला :** गुमला मे सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को एसएस +2 हाइ स्कूल गुमला स्कूली छात्र-छात्रों के द्वारा निकाली गया प्रभात फेरी , छात्र एवं छात्राओ ने भारी संख्या में प्रभात फेरी निकाली जहाँ स्कूली छात्र आम जन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से शुरू हुआ यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा, रैली मे छात्रों ने हाथो मे सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे बैनर , पोस्टर लेकर रैली मे शामिल हुए, इन्होने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया , ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों द्वारा आम लोगों के बीच नारा गया, रोड में रोको टोको नहीं , और ना ही मोबाइल से बातें करो आदि नारा एवं सड़क सुरक्षा से जीवन रक्षा ।

छात्र एवं छात्राओ को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की,सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजिनियरिंग ऐनलिस्ट प्रणय कांशी, अन्य शामिल थे।

## लोहरदगा में शिल्पी नेहा तिर्की करेंगी झंडोत्तोलन

**लोहरदगा।** गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2025) के अवसर पर लोहरदगा जिला मुख्यालय में झंडोत्तोलन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जिला मुख्यालय में झंडोत्तोलन के लिए माननीय मंत्रियों की सूची जारी कर दी गई है।

## वाहन जांच अभियान 02.50 लाख रुपये जुर्माना वसूले गए

बोकारो : राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टॉल प्लाजा पर परिवहन विभाग द्वारा चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 37 वाहनों से 02.50 लाख का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर एवं मोटरयान निरीक्षक कमल किशोर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 37 वाहन से 02.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ एवं एमवीआई के संयुक्त नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 80 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 37 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

## तेज चलाए वाहन तो कटेगा चालान : डीटीओ

बोकारो : सड़कों पर वाहनों को तेज गति से दौड़ाने वाले चालक अब संभल जाएं। ट्रैफिक पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए स्पीड रडार गन को प्रयोग में लाया जा रहा है। इससे दूर से वाहन की रफ्तार को कैच किया जा सकता है और लिमिट से अधिक स्पीड होने पर पास आने पर चालान की कार्रवाई कर दी जाती है। यहां बता दें कि हाल ही में ट्रैफिक पुलिस को स्पीड रडार गन प्राप्त हुई है। एक- दो दिन इसके प्रयोग को जाना समझा गया। इसके बाद उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर आदेश पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस स्पीड रडार गन का प्रयोग खासकर शहर के डायवर्सन रोड व आसपास के भीड़ भाड़ वाले इलाको में प्रयोग किया जा रहा है। स्पीड रडार गन की मदद से वाहन चालक को सबूत के तौर पर वीडियो भी दिखाया जा सकता है। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर एवं यातायात निरीक्षक आर.के. राणा ने जानकारी दिया कि इसकी मदद से हादसे कम होंगे, सबूत भी रहेगा। साथ ही स्पीड रडार गन के माध्यम से चालान की कार्रवाई शुरू हो गई है। इस कारण वाहन चालक निर्धारित रफ्तार में ही वाहन चलाएंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। डायवर्सन रोड पर ही वाहन चालक तय गति से तेज वाहन चलाते हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस वाहनों की जांच करेगी कि कोई वाहन तेज गति से तो नहीं चल रहा। तेज गति से आ रहे वाहन चालक का चालान काटा जाएगा।

## गणतंत्र दिवस लेकर डीडीसी ने की बैठक

गुमला : जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोल्हान के उपलब्धि और कामयाबी भरे कार्यो के बीच याद आने लगे पूर्व कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा

बिनय मिश्रा

**सरायकेला / जमशेदपुर :** कोल्हान क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक घटनाओं के बीच लोग अक्सर पूर्व कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा को याद कर रहे हैं। पूर्व कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा के कार्यकाल में अपराधियों पर कड़ा नियंत्रण था, और अपराधों पर शीघ्र और सख्त कार्रवाई की जाती थी। उनकी खुफिया तंत्र काफी मजबूत थी, और वे खुद भी अपराधियों पर कार्रवाई के लिए सक्रिय रूप से घटनास्थल पर पहुंचते थे। अजय लिंडा के समय में अपराधियों के खिलाफ कड़ी मुहिम चलाई जाती थी। जिससे आपराधिक घटनाओं में कमी आई थी। आज भी लोग जब भी अपराधों के शिकार होते हैं, तो अजय लिंडा को याद करते हैं। आदित्यपुर थाना क्षेत्र में घटित एक हत्या की घटना को लेकर अजय लिंडा दो दिन आदित्यपुर में कैंप करते हुए। जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिले के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर ,शीघ्र मामले को उद्वेदन किया गया था। इस समय कोल्हान क्षेत्र में अपराध की घटनाएं लगातार घट रही हैं, और रविवार की रात जमशेदपुर में दो प्रमुख घटनाएं सामने आई है। पहली घटना मानगो थाना क्षेत्र में घर में घुसकर ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मार कर हत्या की है, जबकि दूसरी घटना बिष्टुपुर थाना क्षेत्र की है। यहां मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले रमेश कांवटिया के घर में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने घर में मौजूद बुजुर्गों को बंधक बना लिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद घर में रखे जेवरात और अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। बुजुर्ग दंपति के अनुसार अपराधी पार्सल देने के बहाने घर में घुसे और फिर उसका हाथ-पैर और मुंह बांधकर उन्हें आंखों में पट्टी बांध दी। बुजुर्गों के अनुसार अपराधियों




की संख्या पांच थी और लूट के बाद घर से फरार हो गए।

घटना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस प्रकार की बढ़ती घटनाओं को देखकर क्षेत्रीय लोग यह मानते हैं कि अजय लिंडा के समय में अपराधियों पर लगाम लगी थी। वे अपनी पुलिस टीम के साथ मिलकर घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते थे। उनकी कार्यप्रणाली और पुलिस के साथ उनकी सक्रिय भागीदारी से अपराधियों में डर बना रहता था। जो अब नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में स्थानीय लोग चाहते हैं, कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि वे अपने इलाके में सुरक्षित महसूस कर सकें। अजय लिंडा के समय में जब किसी आपराधिक घटना की जानकारी मिलती थी। तो वह त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारियों को सक्रिय रूप से दिशा-निर्देश देते थे, और खुद भी घटना स्थल पर मौजूद रहते थे। इसके परिणामस्वरूप अपराधियों पर सख्त नियंत्रण और गिरफ्तारी होती थी। आज जब ऐसी घटनाएं हो रही हैं,तब लोग अजय लिंडा की कार्यशैली और उनकी सक्रियता को याद कर रहे हैं।

# रिया मिश्रा ने माता पिता के साथ साथ विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

मेट्रो रेज संवाददाता

सीआरपीएफ कमांडेंट रवि शंकर मिश्रा की पुत्री डीपीएस रांची कक्षा आठ की छात्रा रिया मिश्रा ने अपनी अद्भुत क्षमता और दक्षता से जीईएम ए राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता 2024 अंतर्गत स्कूलों और कार्यालयों में समावेशिता का महत्व निबंध प्रतियोगिता में अव्वल आकर अपनी प्रतिभा के साथ साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची तथा माता पिता का नाम गौरवान्वित किया है।

इस महत्वपूर्ण विषय पर निम्नलिखित बातों की कारगर जानकारी और सारांश भी काफी महत्वपूर्ण है।

स्कूलों और कार्यालयों में समावेशिता का महत्वः

1.समावेशिता से विविधता को बढ़ावा मिलता है।

2. यह व्यक्तिगत विकास और सीखने को बढ़ाता है।

3.समावेशिता से सामाजिक समरसता और एकता बढ़ती है।

4.यह व्यक्तियों की क्षमताओं को पहचानने में मदद करता है।

5.समावेशिता से निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार होता है।

6.यह संगठनों की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

7.समावेशित से कर्मचारियों की संतुष्टि और उत्पादकता बढ़ती है।

8.यह सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देता है।

9.समावेशिता से संगठनों की नवाचार और रचनात्मक



बढ़ती है।

10.यह एक सकारात्मक और समर्थन कारी वातावरण को बनाने में मदद करता है।

# जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (मेन) 2025 परीक्षा को लेकर बीएनएसएस की धारा 163 लागू

**बोकारो :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन 2025 का आयोजन दिनांक 22.01.2025, 23.01.2025, 24.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025* को प्रथम पाली पूर्वा० 09.00 बजे से मध्या० 12.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अप० 03.00 बजे से अप० 06.00 बजे तक चास अनुमण्डल अन्तर्गत कुल 02 (दो) परीक्षा केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा। उक्त दोनों परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।आशंका है कि इस अवसर पर परीक्षा में अन्य बाहरी तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है एवं निर्विक्षकों द्वारा लिए जा रहें परीक्षा के स्वच्छ संचालन में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के चारों तरफ इकट्ठा होकर व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है। इस प्रकार उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए एवं व्यापक लोकहित में निरोधात्मक कार्रवाई की आवश्यकता नितांत है। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा ने अनुमण्डल के भौगोलिक क्षेत्रांतर्गत अवस्थित निम्नांकित परीक्षा केन्द्र के परिसर के 300 मीटर की परिधि के अंतर्गत निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों को बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषिद्ध* किया गया है। पाँच या पाँच से अधिक की संख्या में व्यक्तियों के एक साथ किसी भी स्थान विशेष पर एकत्रित होने, भ्रमण करना अथवा भीड़ लगाना इत्यादि। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना। परीक्षा केन्द्र के 300 मीटर की परिधि में साईबर कैफे, फोटो कॉपी एवं प्रिंटिंग की दुकानें परीक्षा के दिनों बंद रखना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा निषेधाज्ञा क्षेत्र अंतर्गत किसी प्रकार का कोई आग्नेयास्त्र, परंपरागत हथियार तथा लाठी, डण्डा, भाला, तीर-धनुष, फर्सा, बर्घा इत्यादी में से कोई भी हथियार लेकर चलना, भ्रमण करना, प्रदर्शन करना अथवा उसका व्यवहार किया जाना। निषिद्ध क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के साथ अथवा बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के भी किसी भी प्रकार का कोई जूलूस, रैली, सभा, धरना एवं प्रदर्शन इत्यादी का आयोजन किया जाना। परीक्षा एवं परीक्षा केन्द्र के कर्तव्यों से संबंधित व्यक्तियों, कार्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र अंतर्गत प्रवेश कर भ्रमण करने अथवा किसी परीक्षार्थी या परीक्षार्थियों को अनुचित रीति से सहायता अथवा सहयोग किया जाना। उक्त आदेश आगामी दिनांक 22.01.2025, 23.01.2025, 24.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 के पूर्वाहन 06:00 बजे से अप० 09.00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

## अवैध बालू उत्खनन और परिवहन पर की गई कार्रवाई

**गुमला :** गुमला थाना प्रभारी सिसई, पुलिस बल एवं खनन विभाग की टीम द्वारा सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा-नागफेनी में नागफेनी पुल सूर्य मंदिर के पास अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि तीन ट्रैक्टर नदी से अवैध रूप से बालू निकालने में लगे हुए थे। पुलिस और खनन टीम को आते देख तीनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। मौके पर तीनों ट्रैक्टर का निरीक्षण किया गया और उन पर लदे बालू के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। तीनों ट्रैक्टर को विधिवत जप्त कर सिसई थाना लाया गया।

इसके अतिरिक्त बुड़का गांव के पास एक अन्य ट्रैक्टर को बालू लदे हुए पाया गया। चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर लगभग 100 घनफीट बालू लदा पाया गया, जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस ट्रैक्टर को भी जप्त कर थाना लाया गया।अवैध बालू उत्खनन और परिवहन न केवल राष्ट्रीय संपत्ति की हानि करता है।

# सभी रूट में चलने वाली ऑटो चांदनी चौक स्थित घाघरा हाई स्कूल मैदान से खुलेगी

## सड़कों पर ऑटो खड़ा नहीं होगी

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा अंचल अधिकारी मनीष कुमार मंडल एवं थानेदार तरुण कुमार ने घाघरा के दुकानदारों के साथ थाना परिसर एक में बैठक की। बैठक में अंचल अधिकारी ने दुकानदारों को एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया और उक्त बैठक में लिए गये निर्देशों को बहाल नहीं करने वाले स्वयं उत्तरदायी होंगे , और उक्त कमिटी की बात सभी दुकानदार को मानना होगा, साथ ही साथ उन्होंने उपस्थित सभी दुकानदारों को स्वयं किए गए अपने अपने अतिक्रमण को भी हटाना होगा और अपने दुकान का सामान , अपने दुकान के बाहर नहीं निकालने ( रखने ) का भी दिशा निर्देश दिया और उक्त निर्देश का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी , और यातायात को प्रभावित करने वालों



का सामान आदि जप्त कर चलन काटी जाएगी, साथ ही साथ घाघरा से सभी रूटों पर चलने वाले सभी टेंपो ऑटो चाहें वह लोहरदगा, गुमला, पुटो या बिशुनपुर की ओर जाने वाली, सभी ऑटो चाँदनी चौक घाघरा स्थित हाई स्कूल मैदान से ही खुलेंगी और सड़कों पर अनावश्यक ऑटो टेंपो को खड़ा नही किया जाएगा और गुमला रोड ढ़लान पर बस का ठहराव होगा इसे लेकर बस स्टॉप का बोर्ड लगाने की बात अंचलाधिकारी ने कही। घरों का पानी सड़कों पर नही बहाई जाएगी , इसे लेकर सीओ ने अतिरिक्त ब्यवस्था करने की बात कही, इसका उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कारवाई किये जाएंगे, सुरक्षा की बात करते हुए, उन्होंने दुकानदारों को अपने अपने प्रतिष्ठान पर दो सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया ताकि दुकान और बाहर का दृश्य दिखाई दे , उन्होंने यह भी कहा कि करीब 60 दुकानदारों सहित लोगों को अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर नोटिस भी दिया गया है और जेसीवी के सहारे अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी और प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।

## जमशेदपुर में कोल्हान स्तरीय टुसू मेला, मांदर की थाप पर झूमे सांसद व अन्य नेता

**जमशेदपुरः** लौहनगरी में झारखंडवासी एकता मंच द्वारा कोल्हान स्तरीय विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में पश्चिम बंगाल और ओडिशा के ग्रामीण टुसू और विशाखा चौड़ल के साथ शामिल हुए। इस मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि यह पर्व हमें विरासत में मिली है हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पर्व में तीन दिन छुट्टी की घोषणा करे।

झारखंड में आदिवासी समाज मकर पर्व से टुसू मानते हैं। राज्यभर में समाज द्वारा इस अवसर पर कई तरह के आयोजन किये जाते हैं। कई दिनों तक अलग-अलग क्षेत्र में टुसू मेला का आयोजन होता है। इसी कड़ी में जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में झारखंडवासी एकता मंच द्वारा कोल्हान स्तरीय टुसू मेला का आयोजन किया गया। इस टुसू मेला में कोल्हान के अलग-अलग क्षेत्र के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के ग्रामीण भी टुसू की मूर्ति और ऊंचे-ऊंचे चौड़ल (झांकी) के साथ शामिल हुए। लाखों की संख्या में भीड़ टुसू मेला का देर रात तक आनंद लेते रहे। इस मेला में बूढ़ी गाड़ी नाच, टुसू प्रतिमा और आकर्षक चौड़ल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

झारखंडवासी एकता मंच द्वारा आयोजित विशाल टुसू मेला में मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो व संयोजक सह जमशेदपुर लोकसभा सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सविता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावा कई अतिथि मौजूद रहे। सबों ने झारखंड के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें वर्ष 2006 में जमशेदपुर के पूर्व सांसद स्व। सुनील महतो ने टुसू मेला की शुरूआत की थी तब से आज तक हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन होता आ रहा है।

टुसू मेला के मंच पर कलाकारों द्वारा झूमर गीत पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता और आस्तिक महतो, समाजसेवी विकास सिंह मांदर बजाकर जमकर थिरके। इस मौके पर जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत महतो ने कहा कि बदलते परिवेश में परिधान के साथ साथ सोच न बदले इसलिए इस पर्व के रीति रिवाज को जीवित रखने की जरूरत है।

# डीसी ने जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी नागरिकों की समस्याएं

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला मुख्यालय में चंदाली स्थित समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 50 नागरिकों ने उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने प्रत्येक नागरिक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सिसई प्रखंड की शिलावती देवी ने अपने बेटे की हत्या के मामले में न्यायालय के निर्णय और जांच प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त किया। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला न्यायालय और पुलिस अधीक्षक गुमला को पत्र अग्रसारित किया और पुनः जांच कर महिला को न्याय दिलाने का आग्रह किया।

रायडीह प्रखंड के उपरखटंगा ग्राम के निवासियों ने लालमाटी और सोकरहातु के बीच सड़क निर्माण की प्रक्रिया में बाधा की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि पहले सर्वे किया गया था, लेकिन अब निर्माण न होने की सूचना मिल रही है। इस पर उपायुक्त ने फ्रएड विभाग को पत्र भेजते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

कोबजा पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत



स्वयंसेवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि अबुआ आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

फ्रएळक से प्रशिक्षण प्राप्त कुछ नागरिकों ने सुअर पालन के लिए सहायता की मांग की। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमानुसार सहायता प्रदान करने और उनके रोजगार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा, निजी समस्याओं, आवास निर्माण, जमीन विवाद, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सड़क और पेयजल संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।